RNI. Reg. MPHIN/2013/52154.

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# विनय उजाला

वर्ष-12, अंक 140 | भोपाल, बुधवार ● 27 नवम्बर 2024 | मूल्य 2.00 रुपए, कुल पृष्ठ - 8

### सुविचार

सदैव प्रथम स्थान पर रहें,
मुस्कराने में, प्रशंसा करने में,
सहयोग करने में, क्षमा करने में,
और अपनी गलती मान लेने में।
- ताहिर अली, भोपाल

अहंकार और संस्कार में फर्क है,
अहंकार दूसरों को झुकाकर खुश होता है,
संस्कार स्वयं झुककर खुश होता है।
- डॉ. विनोद वर्मा

कामयाबी का जुनून होना चाहिए,
फिर मुश्किलों की क्या औकात है।
- देवकी नंदन शर्मा, भोपाल

### दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों की प्रगति के रास्ते में दीवार खड़ी कर रही भाजपा : राहुल गांधी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को एक बार फिर जाति जनगणना का मुद्दा उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों की प्रगति के रास्ते में दीवार खड़ी करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी की ओर से संविधान दिवस पर दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित संविधान रक्षक अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे। आदिवासी, दलित और पिछड़ों से कहा जाता है कि देश आपका है और इसमें आपकी भागीदारी है लेकिन जब हम डेटा देखते हैं तो यह झूठा साबित होता है।

### लंदन में 'फ्रेंड्स ऑफ मध्यप्रदेश' कार्यक्रम में हुए शामिल मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# प्रधानमंत्री ने बढ़ाया विश्व में भारतवासियों का मान

## मैं आप सभी को निमंत्रण दे रहा हूँ, आइये मध्यप्रदेश में निवेश कीजिए : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश भारत का दिल है, देश के सभी अंचलों के लोग यहां बसते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बदलते दौर में देश तेजी से प्रगति पथ पर अग्रसर है, मध्यप्रदेश भी उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में दिन-दूनी-रात चौगुनी प्रोग्रेस कर रहा है।**

हेल्थ, टूरिज्म, आईटी, एजूकेशन, गारमेंट्स सहित हर क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अधोसंरचना का क्षेत्र हो या अन्य मूलभूत सुविधाओं का क्षेत्र प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार औद्योगिक विकास और निवेश संवर्धन के लिए प्रभावी कार्य कर रही है। सड़क, बिजली तथा औद्योगिक क्षेत्र के लिए लैंड बैंक के मामले में मध्यप्रदेश ने देश के श्रेष्ठतम राज्य के रूप में स्वयं को स्थापित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यूके यात्रा के दौरान लंदन में एनआरआई समूह 'फ्रेंड्स ऑफ एमपी' और प्रवासी समुदाय के साथ संवाद में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का लंदन (यूके) में रॉयल नेशनल होटल में प्रवासी समुदाय और 'फ्रेंड्स ऑफ एमपी' के सदस्यों ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान लंदन के पूर्व डिप्टी मेयर राजेश अग्रवाल सहित अनेक प्रतिष्ठित भारतीय प्रवासी शामिल रहे।



### मध्यप्रदेश निवेशकों के स्वागत के लिए तैयार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश निवेशकों के स्वागत के लिए तैयार है, निवेशक और उद्योग समूह निवेश करें, मध्यप्रदेश भी आगे बढ़ेगा और हम सब मिलकर देश की प्रगति में सहभागी होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की शुरुआत की गई, इस क्रम में उज्जैन, जबलपुर, रीवा, ग्वालियर और सागर में कॉन्कलेव आयोजित हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों को फरवरी-2025 में भोपाल में पहली बार होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि मैं आप सभी को निमंत्रण दे रहा हूं-आइये मध्यप्रदेश में निवेश कीजिए-विकास के मामले में मध्यप्रदेश ने विकास के सारे दरवाजे खोल दिए हैं।

### प्रधानमंत्री की नेतृत्व क्षमता को दुनिया ने स्वीकारा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन और उनकी नेतृत्व क्षमता ने विश्व में भारत की साख को स्थापित किया है। दुनिया के देशों में प्रधानमंत्री श्री मोदी की नेतृत्व क्षमता की स्वीकार्यता ने भारत और भारतवासियों का गर्व और मान विश्व में बढ़ाया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत को प्राप्त श्री मोदी के सशक्त और समर्थ नेतृत्व से भारतवासी स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का भी स्मरण किया।

### मध्यप्रदेश के विकास क्रम पर डाला प्रकाश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के विकास क्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष-2003 तक मध्यप्रदेश में केवल 5 मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन वर्तमान में प्रदेश में कुल 30 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। सभी 55 जिलों में एक्सीलेंस कॉलेज संचालित हैं। खनन, टूरिज्म के क्षेत्र में भी अनेक संभावनाएं हैं। गारमेंट्स क्षेत्र में प्रति श्रमिक 5 हजार रुपये प्रति माह की दर से इंसेंटिव है, इसी प्रकार आईटी सहित अन्य क्षेत्रों में भी सुविधाएं प्रदान करने और प्रोत्साहन की व्यवस्था है।

### भारत की एकजुटता को बनाए रखने में बाबा साहेब अंबेडकर का योगदान महत्वपूर्ण : डॉ. यादव



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संविधान दिवस पर लंदन स्थित डॉ. बी.आर. अंबेडकर हाउस में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहाँ भारतीय संविधान की प्रति लेकर पहुंचे और उनके साथ प्रवास पर गए दल के सदस्यों के साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विजिटर्स बुक में अपने विचार अंकित किए तथा संग्रहालय का अवलोकन भी किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने अध्ययन के लिए लंदन आने पर इस भवन में वर्ष 1921-1922 में निवास किया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत यदि आज एकजुट है, तो इसमें बड़ा योगदान श्रद्धेय बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का है, जिन्होंने समय रहते उस बीमारी को पहचाना, जिसके कारण समाज में फूट या अलगाव उत्पन्न होने की संभावना थी।

# सेना प्रमुख ने भावी कमांडरों से किया सैन्य सोच में बड़े बदलाव का आह्वान

**नई दिल्ली (हि.स.)। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को भारतीय सेना के युवा सैन्य कमांडरों और अगली पीढ़ी के सैन्य अधिकारियों से युद्ध के उभरते तौर-तरीकों पर विस्तार से चर्चा की।**

भारत के संदर्भ में उभरते खतरों और चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए परिवर्तन की निरंतर गति और समय के साथ आगे चलने की आवश्यकता पर जोर दिया। सैन्य सोच में बड़े बदलाव का आह्वान करते हुए सीओएएस ने अधिकारियों से युद्ध के हथियारों और नई तकनीक अपनाने का आग्रह किया। जनरल द्विवेदी ने पुणे के रक्षा सेवा तकनीकी स्टाफ कोर्स (डीएसटीएससी) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों को गिरिनगर स्थित सैन्य प्रौद्योगिकी संस्थान (एमआईएलआईटी) के मेहरा ऑडिटोरियम में भारतीय सेना के युवा सैन्य कमांडरों और अगली पीढ़ी के सैन्य अधिकारियों को संबोधित किया तो माहौल जीवंत हो उठा। सेना प्रमुख के दूरदर्शी शब्दों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों पर अमिट प्रभाव छोड़ा, जिससे उन्हें दृढ़ संकल्प और अथक उत्साह के साथ आधुनिक युद्ध की चुनौतियों का सामना करने की ऊर्जा मिली। अपने भावपूर्ण संबोधन में जनरल द्विवेदी ने युद्ध के उभरते तौर तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने परिवर्तन की निरंतर गति और समय के साथ आगे चलने की आवश्यकता पर जोर दिया। सेना प्रमुख ने रक्षा तैयारियों को केवल एक आवश्यकता नहीं, बल्कि कला, रणनीति और सटीकता का संयोजन बताया। भारत के संदर्भ में उभरते खतरों और चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए जनरल द्विवेदी ने भारतीय सेना की परिवर्तनकारी पहलों पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से अभियान के अनुरूप बहुमुखी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प की भावना को अपनाने का आग्रह किया। सेना प्रमुख ने राष्ट्र निर्माण में भारतीय सेना के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं के दौरान मानवीय सहायता प्रदान करने, निराशा के समय में सांत्वना और आशा जगाने में सेना की बेजोड़ भूमिका के बारे में गर्व के साथ बात की। उन्होंने खतरनाक लड़ाई वाले क्षेत्रों से भारतीयों को निकालने में सेना के साहस की भी सराहना की, जिसमें सामरिक प्रतिभा और मानवीय करुणा का परिचय दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बैलेट पेपर पर देशव्यापी अभियान चलायें, नहीं चाहिए ईवीएम : खरगे

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ईवीएम के स्थान पर बैलेट पेपर से मतदान कराए जाने को लेकर एक अभियान चलाने की बात कही है। पार्टी की ओर से दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित 'संविधान रक्षण अभियान' में खरगे ने कहा कि हमें ईवीएम नहीं चाहिए, हमें चाहिए बैलेट पर वोट। ईवीएम से वोटिंग कराए जाने की मांग कांग्रेस की ओर से महाराष्ट्र चुनावों में मिली बड़ी हार के बाद आई है। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कल महाराष्ट्र के नतीजों पर शंका जाहिर की थी। उन्हें पार्टी अध्यक्ष खरगे ने आश्वासन दिया था कि वे इस संबंध में बड़े नेताओं से बात करेंगे।

### एनआईए ने मणिपुर हिंसा से जुड़े तीन मामलों की जांच संभाली

**नई दिल्ली (हि.स.)।** एनआईए ने मणिपुर हिंसा के हालिया घटनाक्रम से जुड़े तीन बड़े मामलों पर जांच शुरू कर दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्थिति की गंभीरता और किसी बड़े षड्यंत्र की आशंका को देखते हुए एनआईए को इन मामलों की जांच सौंपी थी। एनआईए ने जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल का दौरा भी किया है। 13 नवंबर को इन मामलों में एफआईआर दर्ज की गई थी। पहला मामला बोरोब्रेका पुलिस थाना क्षेत्र का है, जहां 11 नवंबर को कई घरों में आग लगाने से जुड़ा है। इसमें दो नागरिकों की मौत हुई थी। बाद में अज्ञात आतंकियों ने अपहरण कर तीन महिलाओं और तीन बच्चों सहित छह लोगों की हत्या कर दी थी।




# भारतीय संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है : राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय संविधान को जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज बताते हुए आज कहा कि इसके माध्यम से हमने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास से जुड़े कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल किए हैं।**

राष्ट्रपति मुर्मु संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ के वर्ष भर चलने वाले समारोह की शुरुआत करने के लिए संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में ने मंगलवार को आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने देशवासियों से अपने आचरण में संवैधानिक आदर्शों को शामिल करने, मौलिक कर्तव्यों का पालन करने और वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण के राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है। हमारे दूरदर्शी संविधान निर्माताओं ने बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुसार नए विचारों को अपनाने की व्यवस्था प्रदान की थी। हमने संविधान के माध्यम से सामाजिक न्याय और समावेशी विकास से जुड़े कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल किए हैं। एक नई सोच के साथ हम विश्व समुदाय में भारत को नई पहचान दिला रहे हैं। हमारे संविधान निर्माताओं ने भारत को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का निर्देश दिया था। आज हमारा देश एक अग्रणी अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ विश्व बंधु के रूप में भी अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा संविधान हमारे लोकतांत्रिक गणतंत्र की मजबूत आधारशिला है। हमारा संविधान हमारी सामूहिक और व्यक्तिगत गरिमा सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर सभी देशवासियों ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाया। अगले वर्ष 26 जनवरी को हम अपने गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे। उन्होंने कहा कि एक अर्थ में भारत का संविधान कुछ महानतम लोगों द्वारा लगभग तीन वर्षों के विचार-विमर्श का परिणाम था लेकिन सही अर्थों में यह हमारे लंबे स्वतंत्रता संग्राम का परिणाम था। उस अतुलनीय राष्ट्रीय आंदोलन के आदर्शों को संविधान में शामिल किया गया। उन आदर्शों को संविधान की प्रस्तावना में संक्षेप में शामिल किया गया है। वे न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता हैं।

### 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिखाई गई दिल्ली मेट्रो की फिल्म

**नई दिल्ली (हि.स.)।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की फिल्म पिलर्स ऑफ प्रोग्रेस: द एपिक स्टोरी ऑफ दिल्ली मेट्रो को गोवा में चल रहे 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में प्रदर्शित किया गया है। डीएमआरसी देश में शहरी परिवहन परिदृश्य में क्रांति लाने वाले और इंजीनियरिंग चुनौतियों पर अपनी फिल्मों के लिए दो राष्ट्रीय पुरस्कारों का विजेता भी है। इस दौरान दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को मंगलवार को एक और फिल्म मिल गई। पिलर्स ऑफ प्रोग्रेस: द एपिक स्टोरी ऑफ दिल्ली मेट्रो 30 मिनट की फिल्म है। इसे गैर-फीचर फिल्म श्रेणी के तहत प्रतिष्ठित भारतीय पैनोरमा में प्रदर्शित किया गया है। पिलर्स ऑफ प्रोग्रेस दिल्ली मेट्रो के निर्माण की प्रेरक कहानी है, जो दृढ़ संकल्प और नवाचार का प्रमाण है।

# एकनाथ शिंदे को केंद्रीय मंत्री बनाकर देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाएं : रामदास आठवले

**मुंबई (हि.स.)। महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव परिणाम आने के तीन दिन बाद भी मुख्यमंत्री का नाम तय न हो पाने के बीच मंगलवार को केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले के एक बयान ने राज्य का राजनीतिक माहौल गरमा दिया है।**

एकनाथ शिंदे को केंद्र में काम करना चाहिए और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बना देना चाहिए। इससे राज्य के विकास में तेजी आएगी। रामदास आठवले ने आज एक बयान में कहा कि केंद्रीय भाजपा इसी रणनीति पर काम कर रही है और एकनाथ शिंदे को केंद्र में जाने के लिए मनाने का काम चल रहा है, बहुत जल्द इसकी औपचारिक घोषणा की जाएगी। रामदास आठवले ने यह भी कहा कि अजीत पवार और भाजपा के विधायकों की संख्या बहुमत से काफी ज्यादा है, इसलिए एकनाथ को अब केंद्र में लेना एनडीए के लिए ज्यादा फायदेमंद हो सकता है।

### एशिया और इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

# इंदौर की बेटी शिखा ने 84 हजार वर्गफीट में बनाई 100 चित्रों वाली अद्भुत रंगोली

विनय उजाला

**इंदौर/नीमच, निप्र। मध्य प्रदेश के नीमच जिला मुख्यालय पर इंदौर की बेटी शिखा शर्मा ने अपने साथियों के साथ 84 हजार वर्गफीट की महान विभूतियों के 100 चित्रों वाली रंगोली बनाकर इतिहास रच दिया है।**



एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस अद्भुत रंगोली बनाने वाली इंदौर को बेटी शिखा को बधाई दी है। दरअसल, नीमच के दशहरा मैदान में प्रसिद्ध कथावाचक संत डॉ. वसंत विजय महाराज के सान्निध्य में नौ दिवसीय सनातन सर्वधर्म भैरव भक्ति उत्सव चल रहा है। इसके तहत विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। इस कड़ी में 22 नवंबर को इंदौर के कलाकारों ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम में रंगोली बनाई। इसे बनाने में 100 घंटे (चार दिन) का समय लगा। इसमें 26 टन रंगों का इस्तेमाल किया गया। इस अद्भुत रंगोली में देश के 28 राज्यों के करीब 100 महापुरुषों-क्रांतिकारी, संत व नेताओं के चित्र बनाए गए हैं। मंगलवार को एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के अधिकारियों ने नीमच पहुंचकर इसका निरीक्षण किया। इसके बाद संत डॉ. वसंत विजय महाराज की उपस्थिति में पदक और प्रमाण पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से कहा कि नीमच में 84 हजार वर्ग फीट में महान विभूतियों पर केन्द्रित 100 चित्रों वाली अद्भुत रंगोली बनाकर इंदौर की बेटी शिखा और उनके साथियों ने एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड व इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। बेटी शिखा और उनके साथियों को बधाई और शुभकामनाएं।



## संक्षिप्त समाचार

### बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान की शपथ ली





**डही, निप्र।** जनपद शिक्षा केंद्र डही में बीआरसी मनोज दुबे और स्टाफ ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान की शपथ ली। इस अवसर पर बीएसी हितेंद्र सिंह ठाकुर, मीनाक्षी ठाकुर, मनीषा ठाकुर, राकेश घोषी, अजय भारद्वाज, लेखापाल अनीता कनौजिया, भुवान सिंह सोलंकी, मोहन सिंह उच्चवारे आदि मौजूद थे। वहीं एकीकृत माध्यमिक विद्यालय टेमरिया में शिक्षक इरफान मंसूरी ने पंचायत स्तरीय कार्यक्रम में संविधान दिवस पर शपथ दिलाई। इस अवसर पर पंचायत सचिव प्रताप सिंह अहरवाल, सह सचिव कमल अलावा, सीएचओ जहीर मंसूरी, शिक्षक देवी सिंह बामनिया, गौरी भिड़े, भारती योगी सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्कूल के बच्चे आदि मौजूद थे। शासकीय हाई स्कूल जामदा में प्राचार्य देवेंद्र पुरोहित ने स्टाफ और विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। इसी तरह हाई स्कूल अतरसुमा में संकुल प्राचार्य नगर सिंह जमरा, शिक्षक सरुपचंद मालवीया, सोनिका गुप्ता, कला बघेल सहित विद्यार्थियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान की शपथ ली। बालक आश्रम बड़वान्या में अधीक्षक नगर सिंह अलावा और शिक्षक नारायण गर्ग ने विद्यार्थियों और स्टाफ के साथ संविधान दिवस की शपथ ली। इसी तरह क्षेत्र के नवीन प्रावि परिहारपुरा टेमरिया में प्रधान अध्यापक बोंदरसिंह सस्त्या ने शपथ दिलाई। आदिवासी कन्या आश्रम पिपलूद, अंग्रेजी माध्यम शाला डही, प्रावि सुरानी में भी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने शपथ ली। प्रावि चाकल्या में प्रधान अध्यापक हीरा अलावा, शिक्षक भंगड़ा अलावा, मावि चाकल्या में प्रधान अध्यापक जगतसिंह मंडलोई, देवीसिंह डोरिया, मावि मालपुरा में मोते सिंह बामनिया, मावि पिपलूद में प्रधान अध्यापक मोहनसिंह जामोद ने शपथ दिलाई। इसी तरह अंचल के सभी शासकीय विद्यालयों में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में जगह-जगह शपथ विधि कार्यक्रम आयोजित हुए।

# संविधान दिवस पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना वाचन एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

विनय उजाला



**अलीराजपुर, निप्र। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलीराजपुर के.एन. सिंह के मार्गदर्शन में क्रांतिकारी शहीद छितुसिंह किराड, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीराजपुर में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें श्री आर.पी. सेवेतिया सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री सुभाष चौधरी जिला विधिक सहायता अधिकारी, राजेश राठौर लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा सहभागिता की गई।**

संविधान दिवस के अवसर पर श्री आर.पी. सेवेतिया सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री सुभाष चौधरी जिला विधिक सहायता अधिकारी, राजेश राठौर लीगल एड डिफेंस काउंसिल तथा महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अल्पना बारिया, प्राध्यापकों, अन्य स्टाफ व छात्र-छात्राओं द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। जिसके पश्चात् विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें श्री आर.पी. सेवेतिया ने विद्यार्थियों को बताया कि प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस को राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। यह दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि इसी दिन वर्ष 1949 में भारत की संविधान सभा की ओर से भारत के संविधान के तैयार खाके को अपनाया था, जिसे 26 जनवरी 1950 को देश के संविधान के रूप में लागू किया गया था। मौलिक अधिकार और कर्तव्य भारतीय संविधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। हमें जो मौलिक अधिकार प्राप्त है उनमें समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरूद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार और संवैधानिक उपचारों का अधिकार शामिल है। मौलिक अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 12-35 में दिए गए है। ये अधिकार प्रत्येक नागरिक के व्यक्तित्व विकास में मदद करते हैं और उसकी गरिमा की रक्षा करते हैं। मौलिक कर्तव्य देश के प्रति भारतीय नागरिकों की जिम्मेदारी है, जो संविधान के अनुच्छेद 51(ए) में दिए गए हैं। इसके साथ ही विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के बारे में भी जानकारी दी गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सुभाष चौधरी के द्वारा भारतीय संविधान एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि संविधान नियमों और कानूनों का एक समूह है, जो किसी देश के संचालन और नियंत्रण को विनियमित करता है। भारत सरकार के राजनीतिक सिद्धांत, अभ्यास और शक्तियां संविधान पर आधारित है। संविधान कर्तव्यों के साथ-साथ मौलिक अधिकारों, मार्गदर्शक सिद्धांतों और नागरिक जिम्मेदारियों को भी परिभाषित करता है। संविधान दिवस, संविधान में लिखे मूल्यों, जैसे - न्याय, समानता और भाईचारे की याद दिलाता है। यह नागरिकों में उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढाता है, उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री राजेश राठौर द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अल्पना बारिया, प्राध्यापकगण व अन्य स्टाफ, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला विधिक प्राधिकरण द्वारा दी गई।

### कुक्षी महाविद्यालय खो खो प्रतियोगिता में प्रथम विजेता

**धामनोद, निप्र।** शासकीय महाविद्यालय धामनोद में दिनांक 26 नवंबर 2024 को जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के चार महाविद्यालयों की टीमो ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं वंदना से हुआ, तत्पश्चात को खो खो पोल की पूजन एवं श्रीफल चढ़ाने के उपरांत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मुख्य अतिथियो द्वारा सभी टीमों को शुभकामनाएं दी गई इस अवसर पर जिला स्तरीय चयन समिति के अध्यक्ष डॉ. राकेश मालवीय, अंपायर के रूप में दीपक कांबले, संस्कार चौबे ने अपनी भूमिका निभाई। इस प्रकार पहला मैच शास. महाविद्यालय धामनोद एवं शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय धार के बीच हुआ जिसमें धामनोद विजय प्राप्त की। इसी प्रकार दूसरा मैच शास. महाविद्यालय मनावर एवं शास. महाविद्यालय कुक्षी के बीच हुआ जिसमें कुक्षी विजेता रही।

### कैंप लगाकर दी ग्रामीणों को जानकारी



**आलीराजपुर, निप्र।** जनजाति विकास मंच सोंडवा की और से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित कैंप रखा गया है। जिसमें शासन द्वारा चलाए जा रही योजनाएं जैसे संबल इश्रमिक कार्ड आयुष्मान समग्र ई-केवाईसी भुमी ई-केवाईसी के बारे मे जानकारी दी गई। जिसमें जनजाति विकास मंच के कार्यकर्ता मनोज जुकटिया सुरमल पटेल अरविंद टुकरिया और जन साहास की टीम बालसिंह जी डुडवे राजु सिंह भयडिया किशन जुकटिया सीएचओ नीलम रावत रोजगार सहायक रुपसिंह टुकरीया ग्रामीन सहयोग रमतिया सरपंच और जाडिया चौकीदार खुमसिंग टुकरिया ने सहयोग किया जिसमें 150 लोगों ने भागीदारी की है, महिला और पुरुष, जब भी आप मजदूरी करने के लिए पलायन करते हैं तो कार्य स्थल और कार्य की पूर्ण जानकारी, कार्य का प्रकार, प्रतिदिन मजदूरी और समय। ठेकेदार का नाम पता मोबाइल नंबर, कार्य स्थल का पता ग्राम पंचायत में पंजीयन कराना है। मजदूर हेल्पलाइन नम्बर 180012011211 महिला हेल्पलाइन नंबर 180030002852 के बारे में बताया गया है। ओएनओआरसी के बारे में जानकारी दी गई है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई है-पेंशन, संबल कार्ड, ई श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, केवायसी आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। जनजाति विकास मंच द्वारा कैंप रखा गया जिसमें 34 ई श्रम कार्ड और सबल कार्ड 15 और भूमि ईकेवायसी 66 आयुष्मान कार्ड 25 बनाए।

# राजस्व महा अभियान का हो प्रभावी क्रियान्वयन

## संभाग के जिलों के कलेक्टर्स और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

विनय उजाला



**अलीराजपुर, निप्र।** प्रभारी तथा अपर मुख्य सचिव श्री मलय श्रीवास्तव ने इंदौर में संभाग के जिलों में पदस्थ कलेक्टर्स और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में उन्होंने ग्रामीण विकास कार्यों की प्रगति, राजस्व प्रकरणों के निराकरण और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संभागीय बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन की जिलेवार समीक्षा की। इस अवसर पर संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर के साथ संभाग के जिलों के अन्य कलेक्टर्स और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मौजूद थे। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री मलय श्रीवास्तव ने राज्य शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे राजस्व महाअभियान 3.0 की प्रगति की विशेष रूप से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। यह तय किया जाए कि इस अभियान का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। राजस्व महा अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों जैसे-सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, परम्परागत मार्गों के चिन्हांकन, नक्शे में बटांकन, आधार से खसरे की लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन आदि की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व महा अभियान के प्रत्येक बिन्दु के तय लक्ष्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। बैठक में श्री श्रीवास्तव ने ग्रामीण विकास कार्यों की प्रगति की भी जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मध्यप्रदेश आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत अभियान आदि की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों के फलियों में पेयजल की विशेष व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सामुदायिक शौचालयों का निर्माण उपयोगिता वाले क्षेत्रों में ही किया जाए। यह शौचालय ऐसे क्षेत्रों में बनाये जाए जहां आवाजाही अधिक हो। यह शौचालय बाजारों में ज्यादा उपयोगी हो सकते है। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना की प्रगति की समीक्षा भी की। श्री श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इंदौर में ली गई संभागीय बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन की भी समीक्षा की।

# भाजपा नेता के भाई पर हुए हमले में शामिल दो आरोपी अरेस्ट

## हथियार व बाइक करवाई थी उपलब्ध, मुख्य आरोपी की तलाश के लिए चार टीमें गठित

विनय उजाला

**धार, निप्र।** भाजपा नेता के भाई राम नायक पर हुए हमले के षड्यंत्र में शामिल दो आरोपियों को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद ही शहर से फरार हो गए थे। गुजरात भागने की प्लानिंग के पहले घर पर सामान लेने आए थे, सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा लखन पिता बुददा सिंह उम्र 32 साल व जितेंद्र पिता बुददासिंह उम्र 30 साल को अरेस्ट करके अब से कुछ देर पहले ही थाने पर लेकर आई है। थाने की कार्यवाही पूरी होने के बाद आरोपियों को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया, इधर मुख्य आरोपी अन्ना फरार है। आरोपियों की गिरफतारी थाना प्रभारी समीर पाटीदार, उनि रवि वास्के, साइबर प्रभारी उनि प्रशांत गुजाल, सउनि गजेंद्रसिंह, निलेश यादव, प्रआर सुनिल, आसिफ, राजेश, आरक्षक शुभमसिंह, प्रशांत सिंह चौहान द्वारा की गई। नौगांव थाना अंतर्गत ब्रह्मकुंडी निवासी राम पिता बाबुलाल नायम उम्र 45 साल पर रविवार 24 नवंबर को हमला हुआ था। राम नायक घोडा चौपाटी के समीप पोस्ट ऑफिस के सामने आदर्श सड़क पर सब्जी खरीद रहे थे, इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने हमला किया। राम नायक के भाई श्याम नायक भाजपा में जिले सहित प्रदेश स्तर पर विभिन्न पदों पर रह चुके है। हमले में राम नायक को हाथ में चोट आई व पैर पर गोली लगी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद सीएसपी रविंद्र वास्कले व कोतवाली टीआई समीर पाटीदार मौके पर पहुंचे व मामले की जांच शुरू की।

### समझौता नहीं तो किया हमला

कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि अन्ना व श्याम नायक दोनों पक्षों में वर्ष 2022 में विवाद हुआ था, इस प्रकरण में आरोपी अन्ना पर प्राणघातक हमले की धारा में प्रकरण नौगांव थाने पर दर्ज हुआ था। अन्ना इस प्रकरण में समझौता चाहता था, किंतु श्याम नायक का परिवार समझोता नहीं कर रहा था। इसी कारण आरोपी अन्ना ने हमला करने की साजिश रची थी। इसके लिए आरोपी अन्ना ने अपने पुराने साथी राहुल, लोकेश व तेजा से संपर्क किया, जिन्हें हमला करने के लिए धार बुलाया था। संभवत आरोपी अन्ना ने हमले के लिए सुपारी भी दी होगी, हालांकि अभी इसकी पुष्टि होना बाकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के प्रमुख चौराहे के समीप हुए वारदात के बाद कोतवाली पुलिस की अलग-अलग टीमों ने जांच शुरू की। साइबर क्राइम ब्रांच टीम ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले। जांच में यह बात सामने आई कि घायल राम नायक का आरोपी ब्रह्मा कुंडी से ही पीछा करते आ रहे थे, सब्जी खरीदने के लिए रुकने पर राम नायक पर अन्ना द्वारा बताए जाने के बाद आरोपियों ने हमला किया था।

# संविधान दिवस के अवसर पर झाबुआ जिला जेल परिसर में कार्यक्रम आयोजित

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग की टीम ने किया आयोजन

विनय उजाला






**झाबुआ, निप्र।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 26 नवंबर संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया था इस दिवस को संपूर्ण भारतवर्ष में विभिन स्थान पर संविधान दिवस को, हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान ,के स्लोगन के साथ जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसी तारतम में झाबुआ जिला जेल अधीक्षक डीके पगारे के नेतृत्व में जिला जेल परिसर में बंदियो के बीच संविधान दिवस मनाया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला जेल अधीक्षक डीके पगारे एव विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में कार्यरत यशवंत भंडारी प्रदेश उपाध्यक्ष श्वस्त्र रायपुरिया प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक बलसोरा संभाग अध्यक्ष बापू सिंह कटारा संभाग अध्यक्ष महिला सेल अनु भाबर ज्योति दीदी संभाग महा सचिव सविता गुप्ता के मुख्य अतिथि में कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमें सर्वप्रथम संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर की तेल चित्र पर दीप प्रजनन कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की सर्वप्रथम संविधान दिवस के उपलक्ष में अधीक्षक श्री पगारे के द्वारा प्रस्तावना पढ़ा गया एवं उसके पश्चात स्वागत उद्बोधन डॉ अशोक बलसोरा के द्वारा दिया गया साथी मंच पर आसीन सविता गुप्ता अनु भाबर ज्योति दीदी श्वस्त्र रायपुरिया यशवंत भंडारी आदि के द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर उपस्थित लोगों को संविधान के बारे में बताया वही चेतन चौहान अनु भाबर ने अपनी लोकगीतों के माध्यम से उपस्थित जन समुदाय को संबोधित किया।

वही यशवंत भंडारी ने उपस्थित बंदिया के लिए सरल सहज तरीके से अपनी बात उन तक पहुंचाने का प्रयास किया इस अवसर पर जिला जेल परिसर स्टाफ के साथ-साथ राष्ट्रीय मानवाधिकार महिला बाल विकास आयोग के दीपेश कटारा कीर्तिश जैन दीपक गहलोत, नगिनलाल नायक रेखा रागिनी सिंह राठौड़ संजय भारत सिंह आवासीया मिथिया मेहरा सहित जेल परिसर का स्टाफ आदि उपस्थित थे और कार्यक्रम का सफल संचालन शरद शास्त्री के द्वारा किया गया जिन्होंने बीच-बीच में ओजस्वी गीत एवं रचनाएं भी प्रस्तुत की कार्यक्रम का आभार अंत में सीनियर सिटीजन प्रकोष्ठ के संभाग अध्यक्ष बापू सिंह कटारा के द्वारा व्यक्त किया गया और वहीं अंत में जिला जेल अधीक्षक दुष्यंत कुमार पगारे के द्वारा राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग का एवं ब्रह्माकुमारी संस्था तथा सामाजिक संस्था से जुड़े यशवंत भंडारी आदि का आत्मीय अभिनंदन किया और साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार का सहयोग की अपेक्षा की।

### विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए तैयार मांडू, लाइट एंड साउंड जहाज महल और अन्य महलों का भ्रमण

# काकी की रसोई से विदेशी मेहमानों के लिए मक्का, ज्वार की रोटी और भाजी

विनय उजाला

**मांडू, निप्र। काकी की रसोई से मक्का, ज्वार, बाजरे की रोटी और भाजी विदेशी मेहमानों को परोसी जाएगी इसके लिए पर्यटन विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है ट्रेडिशनल फूड के अलावा यूरेशियन फूड भी मेनू में शामिल रहेगा।**

विदेशी मेहमानों का यूरेशियन ग्रुप 27 नवंबर को शाम 4:00 बजे जहाज महल पहुंचेगा यूरेशियन ग्रुप में 16 कंट्री 13 अंतरराष्ट्रीय संगठन के 200 डेलिगेट्स शामिल होंगे अतिथि देवो भव की थीम विदेशी मेहमानों का स्वागत किया जाएगा रात्रि 9ः00 बजे बाद यह मेहमान पुनः इंदौर के लिए प्रस्थान करेंगे इधर जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं

### सीताफल सिंघाड़ा और ट्रेडिशनल फूड रहेंगे शामिल

पर्यटन विभाग इस बार मेहमानों को कुछ नया पेश करना चाहता है इसके लिए मालवा के प्रसिद्ध शीत ऋतु का राजा सीताफल सिंघाड़ा और कुछ ट्रेडिशनल फूड का स्वाद विदेशी मेहमानों ले सकेंगे

### तुलसी की माला और चंदन से तिलक

मालवा रिसोर्ट के प्रबंधक इलियास खान ने बताया कि इस बार विदेशी मेहमानों का चंदन तिलक और तुलसी की माला से स्वागत किया जाएगा इसके साथ ही क्षेत्रीय आदिवासी लोक नृत्य दल भी स्वागत की बेला में शामिल रहेगा रात्रि भोजन के दौरान संगीत का आयोजन विभाग द्वारा किया जा रहा है साथ ही कई की रसोई से मक्का,ज्वार, बाजरे की रोटी के साथ चने की भाजी रखी गई है मक्का और ज्वार की रोटी आदिवासी महिलाओं द्वारा तैयार की जाएगी। विदेशीमेहमान सर्वप्रथम मांडूके जहाज महल पहुंचेंगे जहां जिलाप्रशासन द्वारा अतिथि देवो भव कीथीम पर परंपरागत रूप से तिलक और हार पहना कर स्वागत किया जाएगा। जहाज महल भ्रमण कर लाइट एंड साउंड के माध्यम से मांडू के इतिहास से रूबरू होंगे इसके अलावा मांडू काजामा मस्जिद और सराय महल भी दिखाया जाएगा विदेशी मेहमानों को मांडूके शताब्दी पुराने इतिहास गाइडों द्वारा बताया जाएगा।



### मेहमानों के स्वागत के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी

पर्यटन नगरी माडू में विदेशी मेहमानों के यूरेशियन ग्रुप के मांडूआगमन को लेकर तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही है नगर निकाय के अमले के द्वारा पूरे नगर की साफ सफाई और दीवारों पर मांडने मांडे जा रहे हैं विदेशी मेहमानों को सब कुछ अच्छा दिखाने के लिए महलों के आसपास अतिक्रमण हटाए गए हैं वहीं खराब सड़कों पर पेंचवर्क किया जा रहा है।

### जी20 में मांडू ने की थी विदेशी मेहमानों की मेजबानी

पिछले वर्ष जी20 सम्मेलन के दौरान मांडू दो बार विदेशी मेहमान मजबानी कर चुका हैं। मांडू के ऐतिहासिक सौंदर्य और वैभवता से डेलिगेट्स काफी प्रभावित हुए थे इस बार पुनः मांडू को यूरेशियन ग्रुप के विदेशी मेहमानों की मेजबानी अवसर मिला है जिसके लिए मांडू पूरी तरहसे तैयार है।

### सुरक्षा के रहेंगे पुख्ताइंतजाम

पर्यटन नगरी मांडू में विदेशी मेहमानों को आगमन को देखतेहुए सुरक्षा व्यवस्था केमाकूल प्रबंधकिए जाएंगे सुरक्षा कीदृष्टि देखते हुए जहाज महल पर विदेशी मेहमानोंकी एंट्री पर्यटकों कीएंट्री बंद कर दी जाएगी इसकेसाथ ही चप्पे चप्पे पर पुलिस का पहरा रहेगा।

### अंतिम तैयारी देखना यह पहुंचे अधिकारी

धार जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक चौधरी, अपर कलेक्टर अश्विन रावत, संयुक्त कलेक्टर कलेक्टर सारस्वत शर्मा,, धार एसडीएम रोशनी पाटीदार, पीथमपुर एसडीएम संदीप गुर्जर, नालछा तहसीलदार राहुल गायकवाड, धामनोद ह्यस्त्रश्श्न श्श्श्वद्यद्बह्य मोनिका सिंह, मनावर एसडीओपी अनु बेनीवाल, ट्रैफिक निरीक्षक रोहित निकम, मांडू थाना प्रभारी राम सिंह राठौड़ सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी साथ थे निरीक्षण के दौरान।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक शहडोल पटेल निलंबित

**भोपाल, निप्र।** राज्य शासन द्वारा प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रण शहडोल विपिन पटेल को निलंबित कर दिया गया है। श्री पटेल को समर्थन मूल्य पर शिवपुरी जिले की सेवा सहकारी संस्था को एक किसान द्वारा विक्रय किये गए गेंहू का भुगतान नही होने पर समाधान ऑनलाइन में की गई शिकायत एवं परीक्षण के बाद निलंबित किया गया है। श्री पटेल तत्समय शिवपुरी जिले में जिला आपूर्ति अधिकारी और जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम के प्रभारी थे। निलंबन अवधि में श्री पटेल का मुख्यालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय भोपाल रहेगा। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

भोपाल, निप्र। ग्वालियर शहर के बीचों बीच तारागंज कोटा लश्कर स्थित श्री रामजानकी मंदिर ट्रस्ट की लगभग पौने नौ बीघा सरकारी जमीन को जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। राज्य शासन के निर्देशों के पालन में मंदिरों से जुड़ी सरकारी जमीन (माफी औकाफ) को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए जिले में चलाई जा रही विशेष मुहिम के तहत यह कार्रवाई की गई है। इस बड़ी कार्रवाई में मुक्त कराई गई सरकारी जमीन की कीमत लगभग 100 करोड़ रूपए आंकी गई है। जिला प्रशासन, नगर निगम एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने इस जमीन को घेरने के लिये अवैध रूप से बनाई गई बाउण्ड्रीवॉल एवं अन्य अतिक्रमण जेसीबी मशीन एवं नगर निगम के मदाखलत दस्ते की मदद से ध्वस्त कराए। कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने श्री रामजानकी मंदिर ट्रस्ट की जमीन के निरीक्षण दौरान मंदिर से जुड़ी माफीं औकाफ की जमीन पर अतिक्रमण करने के लिये अवैध रूप से बनाई गई बाउंड्रीवॉल सामने आई थी। कलेक्टर ने बाउंड्रीवॉल बनाने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। इस परिपालन में गत शनिवार को यह कार्रवाई की गई है। इस जमीन पर मनोहर लाल भल्ला द्वारा बाउण्ड्रीवॉल बनाकर प्लॉट बेचने की तैयारी की जा रही थी। जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई कर न केवल बेशकीमती सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया, बल्कि बहुत से भोले भाले लोगों को प्लॉट की जालसाजी में फँसने से बचाया है।

### मप्र में खाद संकट को लेकर जीतू पटवारी का सरकार पर हमला, कहा- लाइन में लगे किसानों पर पुलिस बरसा रही लाठियां

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने खाद संकट को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा है। मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें खेती-किसानी पर गहरा आघात कर रही है। एक तरफ किसानों को पर्याप्त समर्थन मूल्य नहीं दिया जाता, दूसरी ओर उन्हें समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराया जाता। साथ ही खेती की लागत इतनी बढ़ा दी गई है कि किसानों का लागत मूल्य भी नहीं निकल पा रहा है। मध्य प्रदेश के किसान कई-कई दिनों तक खाद लेने के लिए कतारों में खड़े हैं। जीतू ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में किसान पुलिस की लाठियां खा रहे हैं और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री इसका संज्ञान लेने की अपेक्षा सात समुंदर पार सत्ता का लुत्फ उठा रहे हैं। बता दें कि मध्यप्रदेश में रबी सीजन में गेहूं, चना, मटर, सरसों, गन्ना, अलसी जैसी प्रमुख फसलें पैदा की जाती हैं। डीएपी खाद का संकट गहराया- जीतू पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश और देश में डीएपी खाद का गहरा संकट है। प्रदेश में रबी सीजन में भारत सरकार द्वारा 8 लाख मेट्रिक टन डीएपी उपलब्ध कराने की सहमति प्रदान की थी।

# संविधान के संरक्षक भारत के लोग : राज्यपाल पटेल

## राज्यपाल ने किया आव्हान, संवैधानिक नैतिकता के साथ कार्यों का करे पालन, राज्यपाल, संविधान प्रस्तावना के सामूहिक वाचन कार्यक्रम में हुए शामिल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने संविधान के अंगीकरण के 75 साल पूरे होने के अवसर पर प्रदेशवासियों का आवाहन किया है कि संविधान दिवस पर अपने सभी कार्यों में संवैधानिक नैतिकता के पालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सत्यनिष्ठा के साथ दोहराएं। संकल्प करे कि नागरिक अपने आचरण और व्यवहार से संविधान से प्राप्त अधिकारों और सौंपे गए कर्तव्यों के पालन के लिए जन जागरूकता को बढ़ाने में सक्रिय योगदान देंगे।**

राज्यपाल श्री पटेल राज्य शासन द्वारा आयोजित संविधान प्रस्तावना के सामूहिक वाचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजनेताओं, अधिकारियों और नागरिकों को हंस ध्वनि सभागार, रवीन्द्र भवन में संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कार्यक्रम में सहभागी जनों को संविधान प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा निर्मित वृत्त चित्र ग्लोरी ऑफ कंस्टीट्यूशन और प्रदेश के संसदीय कार्य विभाग द्वारा तैयार की गई लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि संविधान हम भारतीयों के लिए प्रेरणादायक जीवंत दस्तावेज और स्वतंत्र भारत



का आधुनिक धर्मग्रंथ है, जो हम सबका मार्गदर्शक है। संविधान को देश के हर नागरिक ने अंगीकृत किया है, इसलिए संविधान के वास्तविक संरक्षक, हम भारत के लोग ही है। उन्होंने कहा कि संविधान किसी एक का नहीं, बल्कि सभी का संरक्षक है। इसलिए उसके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी भी हम सभी की है। संविधान, जहॉं एक ओर नागरिकों को सशक्त करता है, वही दूसरी ओर नागरिक भी अपने आचरण, व्यवहार से संविधान का समर्थन और संरक्षण करते है। इसलिए जरूरी है कि देश का प्रत्येक नागरिक समर्पित भाव से संविधान के उद्देश्यों, महत्व को समझे और समुचित पालन के द्वारा संविधान के प्रति अपने सम्मान का प्रदर्शन करे। देश के हर वर्ग, हर समुदाय और हर नागरिक का अपने अधिकारों और कर्तव्यों के अनुपालन के लिए सजग और सक्रिय रहना आवश्यक है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने का दिन हम सब भारतीयों के लिए गर्व और विश्वव्यापी मूल्यों की समझ का अवसर और उत्सव है। इस महत्वपूर्ण प्रसंग को हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। जरूरी है कि संविधान निर्माताओं द्वारा स्वतंत्र, लोकतांत्रिक और आत्म-निर्भर राष्ट्र निर्माण के लिए किए गए लम्बे संघर्ष और त्याग के बारे में भावी पीढ़ी को परिचित कराया जाए। संविधान दिवस को केवल शासन और राजनैतिक दलों का उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माताओं के योगदान के प्रति आभार के उत्सव के रूप में मनाया जाए।

# अपने लिए तो सब जीते हैं, दूसरों के लिए जो जिए वही महापुरुष है : उप मुख्यमंत्री डॉ. शुक्ल

## सागर में डॉ. गौर की प्रतिमा का किया अनावरण

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि डॉ. हरिसिंह गौर ने भारत के संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज, जब पूरा देश संविधान दिवस मना रहा है, ऐसे समय में डॉ. गौर की भव्य प्रतिमा का अनावरण करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा, अपने लिए तो सब जीते हैं, लेकिन जो दूसरों के लिए जिए, वही सच्चे अर्थों में महापुरुष होता है। डॉ. गौर का जीवन अत्यंत प्रेरणादायक है। वे ज्ञान, कर्म और भक्ति के प्रतीक थे। उन्होंने अपनी पूरी संपत्ति विश्वविद्यालय की स्थापना में लगा दी, जिसका लाभ न केवल बुंदेलखंड बल्कि पूरे देश को मिल रहा है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा, सागर में भगवान के बाद यदि किसी की पूजा होती है तो वह डॉ. हरिसिंह गौर की। उन्होंने समाज को शिक्षा के माध्यम से






प्रकाश प्रदान किया। उनका जीवन और योगदान सदा आदर और सम्मान के योग्य है। उप मुख्यमंत्री ने सागर के शनि मंदिर चौराहे पर डॉ. हरिसिंह गौर की प्रतिमा का अनावरण किया।

### डॉ. गौर को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिये जन-अभियान होगा प्रारंभ : मंत्री राजपूत

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि डॉ. हरिसिंह गौर को भारत रत्न से सम्मानित के लिए जनमानस और प्रबुद्धजनों की मंशानुरूप जन-अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डॉ. गौर की मूर्ति उनकी संघर्षशीलता और जनकल्याण में योगदान के प्रति सम्मान का प्रकटीकरण है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय कभी पूरे भारत में चौथे स्थान पर था और आज भी अपनी प्रतिष्ठा को बनाए हुए है। सांसद श्रीमती लता वानखेड़े, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता, विधायक श्री प्रदीप लारिया, स्थानीय जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### पहले 10 दिन में 53 हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण

भोपाल, निप्र। प्रदेश में लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए चलाये जा रहे राजस्व महा-अभियान 3.0 के पहले 10 दिन 53 हजार 94 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया है। नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा और अभिलेख दुरूस्ती के 14 नवम्बर 2024 की स्थिति में समय-सीमा पर एक लाख 36 हजार 334 प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। महा-अभियान 15 नवम्बर से शुरू किया गया है, जो 15 दिसम्बर 2024 तक चलेगा। संयुक्त राजस्व आयुक्त ने बताया कि राजस्व महा-अभियान 3.0 में आरसीएमएस पर लंबित नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा और रिकार्ड दुरूस्ती के प्रकरणों के निराकरण एवं नक्शे में बटांकन, आरओआर आधार लिंकिंग आदि गतिविधियां संचालित की जा रही है। राजस्व महा-अभियान में अब तक नामांतरण के लंबित एक लाख 3 हजार 32 प्रकरणों में से 42 हजार 80 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। यह लक्ष्य के विरूद्ध 40.84 प्रतिशत उपलब्धि है। नामांतरण प्रकरणों के निराकरण में बैतूल, बालाघाट, सिंगरौली, राजगढ़ और नरसिंहपुर जिले अग्रणी है। बंटवारा के 10 हजार 380 लंबित प्रकरणों में से अब तक 4003 प्रकरणों का निराकरण किया गया है।

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना हनुमानगंज जिला भोपाल**

क्रमांक/डी/492/2024 दिनांक : 25/11/2024

**:: जाहिर सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना हनुमानगंज भोपाल के मर्ग उम्र करीबन 65 साल रंग गेहुआं, चेहरा लम्बा, कद लगभग 5 फिट 6 इंच, दुबला-पतला, काले रंग की शर्ट जिस पर सफेद छीटें है तथा सफेद रंग का मटमैला गमछा लपेटे हैं। दाढी-मुंछ मूंछ के बाल सफेद हैं गाल चिपके हुए हैं का शव दिनांक 15/11/2024 को नस्तरन बानो मस्जिद के बगल में दुकान के पास मिला था, जिसकी फोटो उपरोक्तानुसार हैं के बारे में कोई जानकारी हो तो थाना हनुमानगंज भोपाल में कर सम्पर्क करें अथवा थाना को मोबाईल नम्बर 7587601742 या जांचकर्ता प्र.आर. पुष्पेन्द्र मिश्रा के मोबाइल नम्बर 7019104669 पर तत्काल संपर्क करें।



जी-19466/24

''स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता''

थाना प्रभारी
थाना हनुमानगंज भोपाल

# घाटमपुर में डॉ. सर हरि सिंह गौर जयंती पर प्रतिभाशाली बच्चों को किया सम्मानित



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर एवं महान दानवीर डॉ सर हरि सिंह गौर की जयंती पर शासकीय माध्यमिक शाला घाटमपुर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया एवं मानव श्रृंखला बनाकर संविधान के प्रति सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने हमारे संविधान विषय पर पेंटिंग, रंगोली बनाई और भाषण दिए।

उसके उपरांत डॉ सर हरि सिंह गौर की जयंती मनाई गई और मुख्य अतिथि के रूप में शाला में वृंदावन राय सरल, अशोक श्रीवास्तव, राजेंद्र सेन, देवेंद्र सिंह ठाकुर, दामोदर प्रजापति, गिरीश पांडे व अन्य ग्रामीण जन आदि की गरिमामाय उपस्थिति में संविधान पर प्रकाश डाला गया। और मुख्य अतिथियों की ओर से गौर जी की फोटो शाला को भेंट की गई।गौर जी के प्रेरक प्रसंगों को बच्चों को सुनाकर मोटिवेट किया वहीं शाला के प्रतिभाशाली बच्चों को शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया। आदरणीय सरल जी ने अम्मा और बेटियों की खूबियों पर कविता पाठ किया। दामोदर जी द्वारा जीवन में अवसर विषय पर बच्चों को बहुत ही प्रेरणादायी चर्चा की। संविधान के 75 साल में शाला प्रभारी सरोज प्रजापति ने संवैधानिक मूल्यों पर विस्तार से जानकारी दी और कक्षा 6 की शिक्षिका फिरदोष खान के द्वारा संविधान दिवस के महत्व को बताते हुए कार्यक्रम का समापन व आभार प्रेषित किया गया।



### आगामी इज्तिमा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने इज्तिमा स्थल का निरीक्षण किया एवं बैठक ली

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** इटखेड़ी भोपाल में दिनाँक 29 नवंबर 24 से 02 दिसंबर 24 तक आयोजित होने वाले इज्तिमा आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर विशेष पुलिस महानिदेशक श्री विजय कटारिया, पुलिस आयुक्त श्री हरिनारायणाचारी मिश्र, पुलिस महानिरीक्षक देहात श्री अभय सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने आज दोपहर इज्तिमा स्थल, तैयारियां, रूट व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, उपरांत आयुक्त कार्यालय सभागार में इज्तिमा कमेटी के पदाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें इज्तिमा आयोजन स्थल, पार्किंग व्यवस्था, रूट व्यवस्था, बस स्टेन्ड, रेल्वे स्टेशन आदि बिन्दुओं पर विस्तारपुर्वक चर्चा कर सुरक्षा व्यवस्था हेतु रुपरेखा बनाई गई एवं संबन्धित अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए।

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना कोहेफिजा नगरीय पुलिस जिला भोपाल (म.प्र.)**

OFFICE OF THE POLICE STATION KOHEFIZA BHOPAL, PIN 460021 (M.P.)

क्रमांक-थाना/कोहे/भो/मर्ग/क्रं.-80-24 दिनांक : 25/11/2024

**:: जाहिर सूचना ::**

दिनांक 22/11/24 को सूचक- आकाश झाबा पिता कालूराम झाबा उम्र-22 साल नि.म.112 नेवरी मंदिर के पास दुर्गा नगर कोहेफिजा भोपाल ने थाना आकर सूचना दिया कि दिनांक 22/11/24 को 11.40 बजे में अपने दोस्त नितिन के साथ व्ही.आई.पी. गेस्ट हाउस से लालघाटी चौराहे के तरफ जा रहा था, तभी ब्रिज किनारे एक व्यक्ति पड़ा है। जिसे हिला-ढुलाकर देखा सांस नहीं चल रही थी। ऐसा लग रहा था मर चुका है, जो मटमैला रंग का पेंट पहने है तथा पर दाढी मुंछ है उम्र 50 साल है। मृतक अज्ञात पुरूष उम्र 65 साल करीबन निवासी अज्ञात को 22/11/24 को सुबह 11.00 बजे ब्रिज के पास लालघाटी से पड़ा हुआ, जिसे आर.शेखर पाल ने शव वाहन से हमीदिया अस्पताल की मरचूरी में सुरक्षार्थ रखवाया दिनांक जिसका पीएमएलसी नं. 1518/24 है। सूचक की रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 80/2024 धारा 194 बीएनएसएस का कायम कर जांच में लिया गया। कायमी की सूचना श्रीमान एसडीएम महोदय एवं वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई है।

**मृतक का हुलिया** - कद 5.2 इंच, **रंग** - सांवला, **चेहरा** - लंबा दुबला-पतला, **पहनावा** - काला रंग का पेंट सफेद लाल धारीदार टी-शर्ट दाढी मुंछ अधपकी



जी-19460/24

''स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता''

थाना प्रभारी
थाना कोहेफिजा
मो.नं. 0755-2677317

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्रमांक-1**
**शेड क्रं.-7 जवाहर चौक, भोपाल**

निविदा सूचना क्रं. 61/व.ले.लि./2024-25 भोपाल, दिनांक : 22.11.2024

**:: निविदा सूचना ::**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्रं. | निविदा सूचना क्रं. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि रू. लाखों में | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 61 | 2024_PWDRB_383803 | विधायक विश्राम गृह के पास विंध्य कोठी मुख्यमंत्री निवास में आगन्तुक कक्षों का निर्माण एवं अन्य सिविल एवं इलेक्ट्रिक्ल कार्य। | रू. 83,53,000.00 (रू. तिरासी लाख तिरपन हजार मात्र) | रू. 83530.00 |

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 06.12.2024 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

जी-19463/24

''स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता''

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संधारण
संभाग क्रं.-1 भोपाल
दूरभाष- 0755-2777485

### पीएम जन-मन में मध्यप्रदेश को मिले 33 हजार 138 पीएम आवास

भोपाल, निप्र। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मध्यप्रदेश को प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) में 33 हजार 138 आवास मंजूर किये गये हैं। पीएम जन-मन के तहत ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा विशेष रूप से कमजोर एवं पिछड़े जनजातीय समूह (पीवीटीजी) परिवारों के %पक्के घर% बनाये जा रहे हैं। मंत्रालय द्वारा प्रदेश के 21 जिलों में रहने वाले पीवीटीजी परिवारों को पक्के घर की सौगात देते हुए यह विशेष मंजूरी दी गई है। जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने मध्यप्रदेश को बड़ी संख्या में पीएम आवास मंजूर करने के लिये केन्द्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है।

# रेलवे व विमान सेवा के विस्तार से खजुराहो आने वाले पर्यटकों को मिलेगी सुविधाएं : विष्णुदत्त शर्मा

## वीडी शर्मा ने नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर खजुराहो-रीवा विमान सेवा का वर्चुअल शुभारंभ किया

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की। वीडी शर्मा ने खजुराहो से रीवा के मध्य विमान सेवा का वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नई दिल्ली से खजुराहो से रीवा के मध्य नई विमान सेवा का वर्चुअल शुभारंभ करते हुए कहा कि इस विमान सेवा के शुरू होने से खजुराहो आने वाले पर्यटकों को और बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। पर्यटन बढ़ने से रोजगार



के अवसर भी बढ़ेंगे और क्षेत्र का विकास भी तेजी से बढ़ेगा। भोपाल से रीवा होते हुए खजुराहो के मध्य हवाई सेवा शुरू हुई है। रीवा-खजुराहो-रीवा विमान सेवा की सौगात देने के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का खजुराहो लाकसभा क्षेत्र की जनता की ओर से हार्दिक आभार जताता हूं। इस दौरान खजुराहो में विधायक अरविन्द पटेरिया उपस्थित रहे।

क्षेत्र के विकास के लिए केन्द्रीय मंत्रियों से की मुलाकात

वीडी शर्मा ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंटकर खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के कटनी जंक्शन व खजुराहो रेलवे स्टेशन पर विभिन्न विकास कार्यों और रेलमार्ग से आने वाले पर्यटकों व यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रेल सुविधाओं के विस्तार हेतु आग्रह किया। उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक विजय पर बधाई भी दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंटकर खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय शीघ्र शुरू करने का आग्रह कर शिक्षा विभाग से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। वीडी शर्मा ने कहा कि केन्द्रीय विद्यालय प्रारंभ होने से विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा भी मिल सकेगी।

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला उज्जैन (म.प्र.)**

क्रमांक 3000/खनिज/2024-25 दिनांक : 22/11/2024

**म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए**

**:: प्रथम सूचना ::**

यह सूचित किया जाता है कि **आवेदक श्री राजेश पिता बाबुलाल भभूतिया पता-नागुपुरा तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन (म.प्र.)** द्वारा उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 30 दिवस की अवधि के भीतर इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार | खनिज का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उज्जैन | घट्टिया | सिंघावदा | 247/4, 246/2, 245, 247/6 | रकबा 1.000 हे. | निजी | गिट्टी, मुरम एम-सेण्ड |

जी-19457/24

''स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता''

खनि अधिकारी
जिला- उज्जैन (म.प्र.)

# सम्पादकीय

## बिना उचित इलाज के डायबिटीज झेल रहे लोग

यह अवश्य कहा जाएगा कि डायबिटीज जिस तेजी से फैली है, उसके अनुरूप चिकित्सा सुविधाएं फैलाने के तकाजे को नजरअंदाज किया गया है। इसीलिए वास्तविक संख्या के लिहाज से आज कहीं ज्यादा लोग बिना उचित इलाज के यह रोग झेल रहे हैं।दुनिया में तकरीबन 82 करोड़ 80 लाख लोग इस समय डायबिटीज के मरीज हैं। उनमें से लगभग एक चौथाई- यानी 21 करोड़ 20 लाख भारत में हैं। विश्व में 30 वर्ष से अधिक उम्र वाले लगभग साढ़े 44 करोड़ डायबिटीज मरीजों को उचित इलाज की सुविधा हासिल नहीं है। भारत में ऐसे लोगों की संख्या 13 करोड़ 30 लाख है। 1990 के बाद डायबिटीज मरीजों की संख्या चार गुना बढ़ी है। ऐसे मरीजों की संख्या साढ़े तीन गुना बढ़ी, जिन्हें उचित चिकित्सा उपलब्ध नहीं है। ये तथ्य ब्रिटिश स्वास्थ्य जर्नल द लासेंट के ताजा शोध पत्र से सामने आए हैं। इनके मद्देनजर यह अवश्य कहा जाएगा कि ये बीमारी जिस तेजी से फैली है, उसके अनुरूप चिकित्सा सुविधाएं फैलाने के तकाजे को नीति-निर्माताओं ने नजरअंदाज किया है।इसलिए वास्तविक संख्या के लिहाज से आज कहीं ज्यादा लोग बिना उचित इलाज के इस रोग को भुगत रहे हैं। दक्षिण एशिया में डायबिटीज सबसे तेजी से फैली है, यह जाना-पहचाना तथ्य है। यह ऐसी बीमारी है, जो कई बीमारियों की जड़ बनती है। उचित इलाज और मेडिकल सलाह ना मिले, तो धीरे-धीरे व्यक्ति की क्षमता को यह क्षीण करती जाती है। चेन्नई की स्मार्ट इंडिया नाम संस्था के 10 राज्यों में किए अध्ययन से सामने आया था कि बड़ी संख्या में डायबीटिज मरीज नजर कमजोर होने की समस्या से पीड़ित होते हैं। हाई ब्लडप्रेशर और उसके परिणामस्वरूप पक्षाघात होने जैसी समस्याओं की आशंका डायबिटीज मरीजों में काफी बढ़ जाती है।अच्छी बात है कि आज डायबिटीज की कारगर दवाएं उपलब्ध हैं। इनके अलावा स्वस्थकर भोजन एवं उचित व्यायाम से इसे नियंत्रित रखना संभव है। मगर समस्या नियमित मेडिकल जांच, दवाओं और उचित सलाह की उपलब्धता की है। चिकित्सा व्यवस्था के निजीकरण के साथ ये सुविधाएं इतनी महंगी हो गई हैं कि आम शख्स के लिए इन्हें हासिल करना कठिन हो गया है। उधर समृद्ध तबकों में उच्च उपभोग की जीवन शैली ने ऐसी बीमारियों की आशंका बढ़ाई है। द लासेंट जैसी पत्रिकाओं की तारीफ करनी होगी कि वे समय-समय पर ऐसी समस्याओं के प्रति हमें आगाह करती हैं। इस पर ध्यान ना देना अपने लिए जोखिम बढ़ाना होगा।

### आज का इतिहास... 27 नवम्बर

## विश्व अंग दान दिवस मनाया जाता है

भारत सरकार के राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन की ओर से हर साल 27 नवंबर को यह दिवस मनाया जाता है। अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये 13 अगस्त को विश्व अंगदान दिवस मनाया जाता है।

**अंगदान के बारे में कुछ और बातें -**

- भारत में हर दिन 20 लोग अंग के इंतजार में मर जाते हैं।
- 3 लाख से ज्यादा मरीज अंगदान के लिये इंतजार कर रहे हैं, जबकि दानकर्ताओं की संख्या सिर्फ कुछ हजार है।
- अंग के लिए इंतजार कर रहे सिर्फ 10- मरीजों को ही समय पर अंग मिल पाता है।
- अनुमान के अनुसार, स्पेन में 35 और अमेरिका में 26 की तुलना में भारत में प्रति मिलियन आबादी में केवल 0.65 दान ही होते हैं।



विनय उजाला
शिवानी गुप्ता

## पश्चिम रेलवे पर मनाया गया 75वां संविधान दिवस



पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार मिश्र ने चर्चगेट स्थित पश्चिम रेलवे मुख्यालय में 75वें संविधान दिवस समारोह के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का पाठ करते हुए।

**मुंबई (विनय उजाला)।** पश्चिम रेलवे पर 26 नवंबर, 2024 को हमारे राष्ट्र का 75वां संविधान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। यह दिन उस शुभ अवसर की याद दिलाता है जब 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अपनाया गया था। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार मिश्र ने चर्चगेट स्थित पश्चिम रेलवे मुख्यालय में रेल अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, संविधान दिवस को स्टेशनों, प्रशिक्षण संस्थानों और रेलवे स्कूलों सहित पश्चिम रेलवे के सभी मंडलों में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रेल अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रशिक्षुओं और छात्रों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया।

ज्ञात रहे कि ओवरसीज़ टेस्ट में पहली बार ऐसा हुआ कि भारत ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए मात्र 150 या उससे कम रन बनाये हों और फिर भी टेस्ट जीत लिया हो। भारत ने जो एक अन्य टेस्ट पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 150 या उससे कम स्कोर करके जीता था, वह नवम्बर 2004 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में था और वह भी ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध था।

# भारत का ऑस्ट्रेलिया को धूल चटाना यह जीत बहुत कुछ कहती है...!

कुंवर चांद खां



विनय उजाला



पांच टेस्ट्स की श्रृंखला में एक टेस्ट जीतना कोई इतनी बड़ी बात नहीं होती है कि उस पर अग्र लेख लिखा जाये, जब तक कि वह पर्थ जैसा मैच न हो। क्योंकि इसकी भविष्यवाणी तो नेस्ट्रोडेमस भी नहीं कर सकता था। हर बात भारत के विरोध में थी। इस महीने के शुरू में ही न्यूज़ीलैण्ड की टीम ने घर पर हमारी टीम का 3-0 से सूपड़ा साफ़ किया था और हमारे बैटर्स दोनों तेज़ व स्पिन गेंदबाज़ी के समक्ष असहाय दिखायी दे रहे थे, एक बार तो पूरी टीम मात्र 46-रन पर ही आउट हो गई थी जोकि भारत में भारत का न्यूनतम स्कोर बना। अब मुकाबला पर्थ में विश्व की नंबर 1 टीम ऑस्ट्रेलिया से था और वह भी ऑप्ट्स स्टेडियम में जहां वह किसी विदेशी टीम से पहले कभी हारी नहीं थी बल्कि कोई मैच ड्रा भी नहीं हुआ था यानी उसकी जीत का रिकॉर्ड शत प्रतिशत था। इसके अतिरिक्त ऑस्ट्रेलिया फुल स्ट्रेंथ के साथ मैदान में उतरी, उसके कप्तान पैट कम्मिंस के अनुसार 'चार या पांच दिन पहले ही मैंने कहा था कि यह हमारे सर्वश्रेष्ठ 11 हैं', जबकि भारत अपने नियमित कप्तान रोहित शर्मा, स्टार बैटर शुभम गिल व स्टार गेंदबाज़ मुहम्मद शमी के बिना था और वह भी डी पड्डिकल, हर्षित राणा व नितीश रेड्डी जैसे नये खिलाड़ियों के साथ।

टॉस जीतकर भारत ने पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया और जब पूरी टीम मात्र 150 रनों पर सिमट गयी तो उम्मीद की कोई किरण न देखते हुए भारतीय क्रिकेट प्रेमियों ने निराशा में अपने टीवी सेट बंद कर दिये। कोई न्यूज़ीलैण्ड वाली कहानी का दोहराव देखना नहीं चाहता था। लेकिन इसके बाद जो हुआ वह जादू था, चम्त्कार था। रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में कप्तानी कर रहे जसप्रीत बुमराह ने नई गेंद से वह कमाल किया जो विश्व क्रिकेट में केवल वह ही कर सकते हैं। उन्होंने जल्दी जल्दी पांच विकेट झटके और यह कमाल हुआ कि 150 रन के स्कोर में भी ऑस्ट्रेलिया, भारत को 46 रन की लीड दे बैठी। फिर दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल व केएल राहुल ने भारत के लिए शानदार शुरुआत की, पहले विकेट की साझेदारी में रिकॉर्ड 201 रन बनाये। जायसवाल भारत की तरफ से ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट शतक (161) लगाने वाले पहले खब्बू बैटर बने, उनसे पहले गौतम गंभीर (206 दिल्ली व 104 मोहाली, 2008), शिखर धवन (187 मोहाली, 2013) व नारी कांट्रेक्टर (108 मुंबई, 1960) ने अवश्य ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतकीय पारियां खेलीं थीं, लेकिन इन खब्बू बैटर्स ने यह कारनामा भारत में किया था।

यहां जायसवाल के बारे में दो अन्य दिलचस्प तथ्य बताना भी आवश्यक है। एक, उन्होंने अब तक के अपने 15 टेस्ट के कॅरियर में 4 शतक लगाये हैं, लेकिन वह सभी 'डैडी शतक' हैं यानी 150 रन से ऊपर, जिनमें दो दोहरे शतक भी हैं। दूसरा यह कि पहले 15 टेस्ट में जायसवाल के अब 67.84 की औसत से कुल 1568 रन हो गये हैं और इस तरह से उन्होंने विजय हजारे के भारतीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, जिन्होंने अपने पहले 15 टेस्ट में 59.16 की औसत से 1420 रन बनाये हैं। इस संदर्भ में जायसवाल अब विश्व में डॉन ब्रैडमैन, मार्क टेलर (दोनों ऑस्ट्रेलिया) व एवर्टन वीक्स (वेस्टइंडीज) के बाद चौथे स्थान पर हैं। भारत की दूसरी पारी में जायसवाल के बाद विराट कोहली ने भी शतक (100 नाबाद) लगाया और बुमराह ने 6 विकेट के नुकसान पर 487 रन के स्कोर पर पारी घोषित करते हुए ऑस्ट्रेलिया के समक्ष जीत के लिए 534 रन का पहाड़ सा लक्ष्य रखा। लेकिन इस बार बुमराह के साथ मिलकर लय में लौट चुके मुहम्मद सिराज ने ऑस्ट्रेलिया की नाक में दम कर दिया। ऑस्ट्रेलिया अपनी दूसरी पारी में मात्र 238 रन ही बना सकी। भारत ने 295 रन से बड़ी जीत हासिल की। रन के हिसाब से सेना (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूज़ीलैण्ड व ऑस्ट्रेलिया) देशों में यह भारत कि सबसे बड़ी जीत है।

पिछले 40 वर्षों के दौरान ऑस्ट्रेलिया की अपने घर में रनों के हिसाब से यह दूसरी सबसे बड़ी हार है। वैसे ओवरसीज़ टेस्ट में भारत की यह तीसरी सबसे बड़ी जीत है, वेस्टइंडीज (318 रन) व श्रीलंका (304 रन) में जीत के बाद। ज्ञात रहे कि ओवरसीज़ टेस्ट में पहली बार ऐसा हुआ कि भारत ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए मात्र 150 या उससे कम रन बनाये हों और फिर भी टेस्ट जीत लिया हो। भारत ने जो एक अन्य टेस्ट पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 150 या उससे कम स्कोर करके जीता था, वह नवम्बर 2004 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में था और वह भी ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध था। तब भारत (104 व 205) ने ऑस्ट्रेलिया (203 व 93) को 13 रन से पराजित किया था।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया में जो पिछले चार टेस्ट खेले हैं उनमें से तीन में जीत दर्ज की है। 2020-21 की सीरीज में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को मेलबर्न में 8 विकेट से व ब्रिसबेन में 3 विकेट से पराजित किया था और अब पर्थ में 295 रन से हराया है। जनवरी 2021 का सिडनी टेस्ट ड्रा रहा था। वैसे भारत ने ऑस्ट्रेलिया में कुल 53 टेस्ट खेले हैं, जिनमें से सिर्फ 10 में ही उसे जीत मिली है, 30 में हार और शेष 13 ड्रा रहे हैं। दरअसल, बात केवल 295 रन की विशाल विजय की ही न थी बल्कि जिस तरह से जीत आयी उसकी थी। हमने अप्रत्याशित कहानियों का अविश्वसनीय खेल वर्जन देखा। स्टैंड-इन कप्तान बुमराह ने आगे बढ़कर ज़िम्मेदारीभरा नेतृत्व किया। उनकी पिच-परफेक्ट तेज़ गेंदबाज़ी ने उन्हें प्लेयर ऑफ़ द मैच बनाया और उनके नेतृत्व कौशल की तुलना एक अन्य मेक-शिफ्ट कप्तान अजिंके रहाणे से की गई, जिन्होंने 2020 में भारत की 'कम-बैक' (पीछे से वापसी) जीत को प्रेरित किया था।

अपने कॅरियर के आखिरी चरण में पहुंच चुके रोहित शर्मा दूसरे टेस्ट में बतौर कप्तान वापस आ जायेंगे। लेकिन बुमराह ने साबित किया है कि भारत के पास अव्वल दर्जे का कप्तान प्रतीक्षा में है। पर्थ के मैच ने इस तथ्य की पुष्टि भी हुई कि यशस्वी जायसवाल, जो कभी मुंबई में गोलगप्पे बेचा करते थे, भारत के वर्तमान और भविष्य के बल्लेबाज़ी स्टार हैं। इस युवा के 161 रन टीम के बल्लेबाज़ी पुनर्जागरण में महत्वपूर्ण थे। पर्थ केएल राहुल के लिए भी प्रतिदान गीत बना, जबकि सोशल मीडिया पर उन्हें अब तक सबसे ज्यादा ट्रोल किया जाता था। इन दोनों के विश्वास और जुझारूपन ने आउट-ऑफ़-फॉर्म विराट कोहली को भी प्रेरित किया, जिससे भारत का मध्य-क्रम मज़बूत होगा। रोहित व गिल की वापसी के बाद भी राहुल को टॉप आर्डर में ही रखना चाहिए। थिंक टैंक ने दो नये खिलाड़ियों नितीश रेड्डी व हर्षित राणा को अवसर दिया और अनुभवी आर अश्विन व रविन्द्र जडेजा पर वाशिंगटन सुंदर को प्राथमिकता दी। यह रणनीति सफल रही। युवाओं पर विश्वास करना लाभकारी रहता है।

इस जीत से प्रशंसकों को टीम इंडिया पर एक बार फिर विश्वास हो गया है। अच्छी शुरुआत आधी बाज़ी मार लेती है। लेकिन यह पांच टेस्ट की सीरीज है। बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी को जीतना और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाना अभी शेष है, जिनके लिए अधिक प्रयास की ज़रुरत है। ध्यान रहे कि ज़ख्मी ऑस्ट्रेलिया को चुनौती पसंद आती है। लेकिन यही बात टीम इंडिया पर भी लागू होती है।

**(पूर्व प्रधानाचार्य लेखक वर्तमान में ग्राम प्रधान हैं)**

# 'डॉटर-इन-लॉ' से 'इन-लॉ' हट जाय तो समझो सास बहू की समस्या खत्म...!

अंतरा पटेल

टीवी पर प्रसारित तीन चर्चित हास्य धारावाहिकों में मैंने सास व बहू के आपसी रिश्तों के संदर्भ में हाल ही में कुछ खास बातें नोट कीं। 'भाभीजी घर पर हैं' सीरियल में अंगूरी की सास अपनी बहू को अपने बेटे से अधिक प्रेम करती है, उसका हमेशा पक्ष लेती है और एक आदर्श सास बनने का प्रयास करती है, जैसा सिर्फ़ किताबों या कल्पनाओं में ही देखने को मिलता है। 'हप्पू की उलटन पलटन' सीरियल में कटोरी देवी अपनी बहू पर ताने मारने का कोई अवसर नहीं गंवाती है, जिनसे धारावाहिक में हास्य तो उत्पन्न होता है लेकिन वह अक्सर क्रूरता की हदों को पार कर जाता है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सीरियल में अच्छी या बुरी सास के कांसेप्ट से ही किनारा कर लिया गया है। इसकी गोकुलधाम सोसाइटी में बहुएं तो आधा दर्जन हैं, लेकिन सास एक के भी नहीं है। हां, दया बेन के आदर्शवादी ससुर चंपक गडा अवश्य हैं और जेठालाल गडा की धर्मभीरु (हमेशा तीर्थयात्रा पर रहने वाली) सास का एहसास अवश्य कराया गया है, लेकिन उन्हें कभी छोटे पर्दे पर दिखाया नहीं गया। क्या इन तीनों धारावाहिकों में से एक भी हमारे समाज में सास-बहू का जो रिश्ता है उसकी सही तस्वीर पेश करता है? शायद नहीं। यह सही है कि मानव रिश्ते किसी निश्चित परिभाषा के अनुसार नहीं चलते हैं, लेकिन कोई सास मुकम्मल आदर्शवादी नहीं होती, कोई सास मुकम्मल क्रूर नहीं होती और कोई हाउसिंग सोसाइटी, कम से कम भारत में, ऐसी न होगी जिसमें एक भी सास न हो । यही बात बहुओं पर भी लागू होती है। इस पृष्ठभूमि में बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच के उस फैसले को समझना आवश्यक हो जाता है जिसके तहत ऐसा प्रतीत होता है कि भारत में बहुओं की केवल 'जिम्मेदारियां' हैं, उनके कोई अधिकार नहीं हैं। हाल ही में मृत बहू की ससुराल के सदस्यों को दहेज़ व आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपों से बरी करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि पत्नी/बहू को मंदिरों में जाने से रोकना, टीवी न देखने देना या जबरन उसे ज़मीन पर सुलाना क़ानूनन 'क्रूरता' नहीं हैं। न्यायाधीशों के पास यह छूट होती है कि वह क़ानून को अपने उन मूल्यों के आधार पर समझें जो उन्होंने उस समाज से उठाये होते हैं जिसकी वह सेवा करते हैं। इसलिए इस क़िस्म की व्याख्या आश्चर्यजनक नहीं है, चूंकि ऐसे मामलों में बहुओं के लिए वास्तविक क्रूरता रूटीन है।

कई दशकों के बेटी-बेटी कल्याणवाद से बेटियों के लिए तो काफी प्रगति सुनिश्चित हुई। लेकिन बहुओं के लिए रास्ता अब भी बहुत डरावना है। क्या सुसराल उनके लिए सुरक्षित घर बन सकेगा? या नरक ही बना रहेगा? ससुराल में तो उनकी 'जिम्मेदारियां' सख्ती के साथ परिभाषित की जाती हैं, लेकिन उनके बुनियादी अधिकार अस्पष्ट ही रहते हैं द्द अगर कुछ होता भी है तो वह टकराव का स्रोत ही बनता है। बहू का कल्याण या सलामती ससुराल वालों की उम्मीदों की दया पर निर्भर रहती है। संभवतरू उन अध्ययनों का उल्लेख करना पर्याप्त रहेगा, जिनमें बताया गया है कि पोता-पोती की संख्या भी दादी की प्राथमिकता से तय की जाती है, जहां बहू अपनी सास से कम शिक्षित होती है। पॉपुलर कल्चर बिना किसी पॉज के 'बहू कोड ऑफ़ कंडक्ट' को बयान करता है, जिसकी सूची में सबसे ऊपर लिखा होता है 'हर आज्ञा माननी है बिना चूं-चपड़ किये'। समाज उन 'बहुओं' का जश्न मनाता है, जो अपने जीवन के अंतिम सांस तक अनेक भूमिकाएं निभाती रहती हैं, लेकिन हां, शिकायत की एक चूं भी नहीं करतीं- आख़िरकार हमारी सेवा करना उसका 'धर्म' है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी) का केयरगिविंग (देखभाल करने) पर नोट है- 'महिलाओं पर असाधारण दबाव पड़ रहा है ... केयर के असंतुलित बोझ की वजह से ... उनके कंधों पर ...', जो सभी तारों को स्पर्श कर रहा है- अदृश्य कार्य, गिरता पीएलएफएस (पीरियाडिक लेबर फ़ोर्स सर्वे) आदि। समाज की इच्छा के अनुसार परिवार का अस्तित्व बने रहने का शत प्रतिशत आधार बहू पर नियंत्रण रखना है। क्या इससे बहुएं 'मर' रही हैं? यक़ीनन। लेकिन ऐसा लग रहा है कि समाज के लिए ही नहीं हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के लिए भी यही सही है। ताज्जुब है?

इन हालात में मुझे अपनी सास की याद आती है, जो जनवरी 2022 में हमें छोड़कर चली गईं थीं। उन्होंने मुझसे कभी कुछ नहीं कहा, कभी नाराज़ नहीं हुईं, कभी गुस्सा नहीं किया और कभी डांटा नहीं। मुझे कभी चीज़ के लिए न कभी रोका और न कभी टोका। मुझे पूर्ण स्वतंत्रता दी। वो दुनिया से एकदम अलग थीं। ऐसा नहीं था कि उन्हें गुस्सा नहीं आता था। लेकिन वो अपना गुस्सा अपने बेटे यानी मेरे पति पर ही निकालती थीं। उनका तर्क था कि बहू तो दूसरे घर से आयी है, उसे हमारे परिवार के तौर तरीके समझने व एडजस्ट करने में समय लगेगा, ज़रूरी नहीं कि वह खुद को बदल ही ले और इसके लिए उसपर दबाव डालना अनुचित होगा, लेकिन तू (मेरे पति) तो मेरा बेटा है, तुझे मैंने नौ माह पेट में रखा, परवरिश की, संस्कार दिए, तुझे तो अपनी मां का ख्याल रखना आना चाहिए। मेरी सास ने हमेशा मुझे अपनी बेटी की तरह रखा, जबकि उनकी अपनी भी बेटी थी। वो मुझसे कहा करती थीं, मैं तुझे बेटी की तरह रखूंगी तो मेरी बेटी भी अपनी ससुराल में बेटी की तरह ही रहेगी। उनकी बात सच थी। मेरी ननद भी अपनी ससुराल में बेटी की तरह रहती है। काश! सब लड़कियों को मेरी सास की तरह सास मिले और डॉटर-इन-लॉ में से 'इन-लॉ' निकलकर सिर्फ 'डॉटर' रह जाये तो अधिकतर घरों की समस्याओं पर विराम लग जाये।

विनय उजाला
**- इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**

# पश्चिम रेलवे 27 नवंबर, 2024 से मुंबई उपनगरीय खंड पर और 13 एसी लोकल ट्रेन सेवाएं शुरू करेगी

### एसी सेवाओं की कुल संख्या 96 से बढ़कर 109 हुई

विनय उजाला

**मुंबई। यात्रियों के बीच एसी लोकल ट्रेनों की लोकप्रियता और बढ़ती मांग को देखते हुए पश्चिम रेलवे द्वारा बुधवार, 27 नवंबर, 2024 से मुंबई उपनगरीय खंड पर एसी लोकल सेवाओं की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। 13 नई एसी सेवाओं की शुरुआत के साथ एसी सेवाओं की कुल संख्या अब सप्ताह के दिनों में 96 से बढ़कर 109 और शनिवार एवं रविवार को 52 से बढ़कर 65 हो जाएगी।**

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एसी लोकल ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। इसलिए, यात्रियों के लाभ तथा भीड़ को समायोजित करने के लिए मौजूदा नॉन एसी 12 कार सेवाओं को बदलकर पश्चिम रेलवे पर और 13 एसी सेवाएं शुरू की जा रही हैं। ये सेवाएं सप्ताह के सभी दिन एसी सेवाओं के रूप में चलेंगी। सेवाओं की कुल संख्या में कोई बदलाव नहीं होगा, यानी 109 एसी लोकल ट्रेन सेवाओं सहित लोकल सेवाओं की संख्या 1406 है। 27 नवंबर, 2024 से शुरू की जा रही इन नई एसी लोकल ट्रेनों में से पहली लोकल ट्रेन चर्चगेट से 12:34 बजे चलेगी और उसके बाद सभी नई एसी लोकल ट्रेनों का नियमित परिचालन नीचे दी गई समय सारणी के अनुसार रहेगा।

श्री विनीत ने आगे बताया कि शुरू की जा रही अतिरिक्त 13 सेवाओं में से 6 सेवाएँ अप दिशा में और 7 सेवाएँ डाउन दिशा में हैं। अप दिशा में विरार- चर्चगेट और भायंदर- चर्चगेट के बीच 2-2 सेवाएँ और विरार- बांद्रा और भायंदर- अंधेरी के बीच एक-एक सेवा है।

इसी तरह, डाउन दिशा में चर्चगेट - विरार के बीच दो सेवाएँ, चर्चगेट - भायंदर, अंधेरी - विरार, बांद्रा - भायंदर, महालक्ष्मी - बोरीवली और बोरीवली - भायंदर के बीच एक-एक सेवा है।

अतिरिक्त 13 एसी ईएमयू सेवाओं का विवरण अनुलग्नक-एक में संलग्न है।

## श्री निम्बोडा नाथ भेरू दरबार में भैरूअष्टमी के पावन पर्व पर महा आरती एवं छप्पन भोग का आयोजन संपन्न



**इंदौर, (विनय उजाला)।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी संविद नगर कनाडिया रोड स्थित श्री निम्बोडा नाथ भेरू दरबार में भैरू अष्टमी के पावन पर्व पर महा आरती एवं छप्पन भोग का आयोजन रखा गया, श्रद्धालुओ ने महाआरती एवं छप्पन भोग का लाभ लिया, यह जानकारी देते हुए पंडित विकास जोशी एवं दीपक जोशी ने बताया है कि मंदिर में भेरुनाथ का आर्कषक श्रृंगार किया गया तत्पश्चात महाआरती की गई एवम छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया एवं प्रसादी वितरित की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन ने भैरवनाथ बाबा का आशीर्वाद लिया।

## यूईएल ने भारत का टूर-2024 का सफल समापन किया, स्थिरता और उद्योग साझेदारी को दिया बढ़ावा

**नई दिल्ली।** यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट लंदन (यूईएल) ने सीमेंस और टी-हब के साथ मिलकर भारत का अपना टूर-2024 सफलतापूर्वक पूरा किया। यह टूर चेन्नई (18 नवंबर), हैदराबाद (19 नवंबर ) और वडोदरा ( 22 नवंबर ) तक फैला हुआ एक बहु-शहरी कार्यक्रम था। इसमें सम्मेलन, गोलमेज सम्मेलन और पुरस्कार समारोह जैसे कई आकर्षक कार्यक्रम शामिल थे, जिनका उद्देश्य सतत शिक्षा को बढ़ावा देना, उद्योग-शैक्षिक साझेदारी को मजबूत करना और महिलाओं को सशक्त बनाना था। चेन्नई में, यूईएल ने एक स्थिरता (पर्यावरण अनुकूल) समाधान सम्मेलन के साथ दौरे की शुरुआत की, जिसमें शुगरक्रेट0 जैसे कम कार्बन निर्माण सामग्री जैसे अभूतपूर्व नवाचारों का प्रदर्शन किया गया। सम्मेलन में उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं को पर्यावरण संबंधी चुनौतियों पर चर्चा करने और पर्यावरण अनुकूल समाधान तलाशने के लिए एक साथ लाया गया। यूईएल की भारत के प्रति प्रतिबद्धता को देश में भौतिक उपस्थिति स्थापित करने और भारतीय संस्थानों के साथ मजबूत संबंधों को बढ़ावा देने की शुरुआत करने से और भी बल मिला। यूईएल की कुलपति और अध्यक्ष प्रोफेसर अमांडा जे. ब्रोडरिक ने दौरे की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा, हमारा भारत का टूर-2024 एक उल्लेखनीय यात्रा रही है, जिसने हमें अग्रणी संस्थानों, उद्योग विशेषज्ञों और प्रतिभाशाली व्यक्तियों से जुड़ने का अवसर दिया। मजबूत साझेदारी को बढ़ावा देने और पर्यावरण अनुकूल शिक्षा को बढ़ावा देने के ज़रिए हमारा लक्ष्य भारत के भविष्य पर सकारात्मक प्रभाव डालना है।

### हमारा संविधान हमारा सम्मान

# संविधान सप्ताह कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरुकता





विनय उजाला



**इंदौर, नप्र।** संस्था सजेस्ट एवं हाई स्कूल द्वारा संविधान दिवस पर हमारा संविधान हमारा सम्मान के अंतर्गत पिछले एक सप्ताह से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों जैसे संविधान पर रणगोली प्रतियोगिता निबंध लेखन भाषण प्रतियोगिता रैली आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है आज दिनांक 26 नवंबर संविधान दिवस पर हाई स्कूल सुलावड में हाई स्कूल स्टाफ ग्राम पंचायत महिला एवं बाल विकास विभाग स्वास्थ्य विभाग संस्था सजेस्ट के कर्मचारी जागिरक युवाओं एवं 500 छात्रों द्वारा संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा गया साथ ही संवैधानिक कर्तव्य का पालन करने शपथ ग्रहण की गई संस्था सजेस्ट से कार्यक्रम निदेशक मोहन तोमर द्वारा बताया गया की पिछले 1 महीने से सुलावड ग्राम पंचायत में 30 युवाओँ को संवैधानिक मूल्यों को समझने अपने अधिकार पाने एवं कर्तव्य का पालन करने हेतू खेल के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है ताकि सभी युवा अपने संवैधानिक कर्तव्य एवं अधिकार समझ सके एवं उनकी महत्ता को समझकर दुसरो को भी समझाये।

तोमर ने बताया की संविधान पर समझ बढ़ाने एवं संवैधानिक मूल्यों को आत्मसाथ करने हेतु - वार्तालीप कोएलिशन के 40 संस्थाओं के साथ, हम 12 राज्यों में 1800+ युवाओं के लिए प्रभावशाली अनुभवों का सह-निर्माण कर रहे हैं, ताकि वे जागरूक नागरिक (जागिरक) बन सकें, जो संवैधानिक मूल्यों को समझें और उन्हें अपने जीवन में अपनाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### कुंभ मेले का न्योता देने आए संत, फूलों की वर्षा कर आगंतुक संतों का किया स्वागत



**धामनोद, निप्र।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आगामी 13 जनवरी को होने वाले महाकुंभ के आयोजन में धर्म लाभ लेने के लिए चतुर्भुज राम मंदिर मांडवगढ़ के प्रमुख महामंडलेश्वर नरसिंह दास महाराज के निर्देशन में संत एवं भक्त सेवा शिविर द्वारा नगर में मंगलवार के दिन संतों ने व्यापारियों और धर्म प्रेमी जनता को कुंभराज मेले में आने का न्योता दिया बताया कि महामंडलेश्वर नरसिंह दास महाराज के सानिध्य में प्रयागराज कुंभ में महा शिविर की स्थापना होगी जिसमें क्षेत्र के लोग प्रयागराज पहुंचकर धर्म लाभ लेंगे। नगर में आए आये संत महंत जीवन दास महाराज बताया कि महाकुंभ के आयोजन में प्रयागराज में महामंडलेश्वर नरसिंह दास के सानिध्य में अस्थाई आश्रम बनाया जा रहा है जहां क्षेत्र से करीब 200 से अधिक साधु संत और हजारों की संख्या में धर्म प्रेमी लोग पहुंचेंगे वहां पर आगंतुक श्रद्धालुओं का को आश्रम में कंबल वितरण और भोजन की व्यवस्था निशुल्क रहेगी इन सब कार्यों की जोर शोर से तैयारी की जा रही है। आये संतों का पुष्प वर्षा कर व्यापारियों एवं धर्म प्रेमी जनता ने स्वागत कर सहयोग किया व्यापारियों ने अपनी सुरक्षा अनुसार स्वेच्छा दान दिया और प्रयागराज में बनने जा रहे भव्य अस्थाई आश्रम निर्माण में सहयोग किया उपरोक्त विषय में महामंडलेश्वर नरसिंह दास महाराज ने बताया कि मान्यता है कि महाकुंभ के दौरान संगम का जल अमृतमय हो जाता है। जहां स्नान करने से श्रद्धालुओं के पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है महाकुंभ मेला पवित्र तीर्थयात्रा है, जो 12 वर्षों के दौरान चार बार मनाई जाती है, यंहा ऐसी शक्ति का अद्वितीय अवतार है। कुंभ मेला, यह उन लाखों तीर्थयात्रियों को आकर्षित करता है, जो स्वयं को पापों से शुद्ध करने और आध्यात्मिक मुक्ति पाने के लिए पवित्र नदियों में स्नान करते हैं नगर में आए हुए संतों ने सभी दूर भ्रमण किया और प्रयागराज कुंभ में पहुंचने का न्योता दिया।

### जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए

**खरगोन, निप्र।** संयुक्त कलेक्टर सत्यनारायण दर्रे, श्रीमती हेमलता सोलंकी और डिप्टी कलेक्टर सुश्री पूर्वा मण्डलोई द्वारा जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुनकर अधिकारीयों को उनके शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। मंशाराम ने अपनी शिकायत में बताया की उसके निवास स्थान भगवानपुरा तहसील की ग्राम पंचायत पीपरीपाला के ग्राम बामनपुरी के नासरिया फाल्या में हेडपंप नहीं होने से ग्रामीणों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अत: नासरिया फाल्या में शीघ्र हेडपंप खोदा जाए। खरगोन तहसील के ग्राम पोखर की रूकमणी सारदे ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके पति की 02 वर्ष पहले मृत्यु हो गई है। उसके पति का संबल योजना का कार्ड बना हुआ है, लेकिन उसे अब तक संबल योजना की सहायता राशि नहीं मिली है। सहायता राशि शीघ्र दिलायी जाए। कसरावद तहसील के ग्राम डेडगांव के तारांचद अवचरे ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्हें राशन कार्ड में अपनी पत्नी शांति अवजरे का नाम जुड़वाना है। बहुत दिनों से कसरावद तहसील में आवेदन देने के बाद भी पत्नी का नाम राशन कार्ड में नहीं जोड़ा गया है। अभिषेक गनवाने ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके पिता मीठाराम गनवाने गोगावां विकासखण्ड में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। 18 जनवरी 2022 को उनका निधन हो गया है। उसके द्वारा सहायक ग्रेड-तीन के पद पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया गया है। सहायक ग्रेड-तीन का पद रिक्त नहीं होने के कारण उसे चतुर्थ श्रेणी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाए।



# पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना द्वारा वार्षिक परेड निरीक्षण कर वार्षिक अपराध समीक्षा की बैठक ली गई

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र। पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना द्वारा पुलिस लाईन खरगोन मे वार्षिक परेड निरीक्षण कर पश्चात पुलिस कंट्रोल रूम खरगोन में वार्षिक अपराध की समीक्षा की बैठक रखी गई।**

सुबह 07 बजे पुलिस लाईन खरगोन में इस वार्षिक परेड में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन मनोहरसिंह बारीया, खरगोन जिले के समस्त एसडीओपी, थाना प्रभारी, रक्षित निरीक्षक, सूबेदार एवं चौकी प्रभारी, पुलिस लाईन का बल, पुलिस अधीक्षक महोदय के कार्यालय का बल एवं समस्त थानों और चौकियों के पुलिस बल शामिल रहा। जनरल परेड के दौरान परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक सौरभ सिंह कुशवाह के द्वारा पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना को परेड की सलामी दी एवं परेड के निरीक्षण के लिए आमंत्रित किया। परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना के द्वारा अच्छे टर्न आउट वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहन कर उन्हें पुरुस्कृत भी किया गया। थानों के वाहनों में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए बलवा ड्रील सामग्री, आंसू गैस गन, पीए सिस्टम एवं हुटर को भी चेक किया गया। वार्षिक परेड के निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना द्वारा वार्षिक अपराध समीक्षा की बैठक का आयोजन भी किया गया जिसमे अपराधों व कानून व्यवस्था के विभिन्न पहलुओ पर चर्चा की गई , जिसमे पूर्व में पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) अनुराग एवं निमाड़ रेंज खरगोन के उप पुलिस महानिरीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के द्वारा क्राईम मीटिंग में दिए गए बिन्दुओं के साथ साथ लंबित अपराधों पर वन टू वन चर्चा कर लंबित रहने के कारण और निराकरण हेतु मार्गदर्शन भी दिया गया।



**वार्षिक अपराध की समीक्षा बैठक के मुख्य बिन्दु**

- लंबित संपत्ति संबंधी अपराध में पतारसी एवं बरामदगी कर, शरीर संबंधी अपराध एवं महिला संबंधी अपराधों का शीघ्र निराकरण।
- लंबित अपराधों मे वंचित आरोपियों की धरपकड़।
- मुस्कान अभियान मे जिले में नाबालिग बालिकाओ की दसत्याबी की स्थिति।
- सीएम हेल्पलाईन, आयोग, पीएचक्यू और आई जी कार्यालय की शिकायतों के निराकरण।
- थाना क्षेत्र मे प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, जुआ, सट्टा, अवैध गौवंश परिवहन, अवैध हथियारों एवं शराब की तस्करी तथा कानून व्यवस्था बिगड़ने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई।
- आदतन अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण के आवेदन पत्रों की समीक्षा कर आरोपियों की जमानत निरस्तव कराने की कार्यवाही की जावे।
- मर्ग, गुम इंसान, शिकायतों का त्वरित निराकरण करने का दिया निर्देश।
- प्रभावी कोम्बिंग गश्त करने।
- स्थाई वारंट, फरारी वारंटों की तामीली के प्रयास अधिक से अधिक किये जावें।
- प्रत्येक लंबित अपराध की ली जानकारी का शीघ्र निराकरण और वांछित आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी।

## बाइक एवं डंपर में हुई जोरदार भिड़ंत से दो युवकों की हुई मृत्यु

विनय उजाला

**बलवाडा, निप्र।** तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर की मोरटक्का चौकी अंतर्गत गत रात्रि बाइक एवं डंपर के बीच हुई जोरदार भिड़ंत हादसे में बाइक सवार दो युवकों की हुई मृत्यु मोरटक्का चौकी प्रभारी रमेश गवले ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना रात्रि करीब 2:00 बजे इंदौर इच्छापुर हाईवे पर मोरटक्का चौकी के समीप वैष्णवी होटल के सामने खाली डंपर आरजे 09 जीडी 9187 जो बड़वाह से सनावद जा रहा था। जिसने राजेश पिता चैनसिंह गुर्जर उम्र 24 वर्ष निवासी बिलाली तथा मोहित पिता सिताराम गुर्जर उम्र 22 वर्ष निवासी बिलाली को लापरवाही पुर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दोनो रिश्ते मे काका भतिजे लगते है जो की एक ही परिवार एक ही घर मे रहते थे। दोनो फोटो ग्राफी का खंडवा से काम कर घर लोट रहे थे। दोनो को ट्रक ने रौंद दिया जिससे मौके पर ही दोनो युवकों ने दम तोड दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर ओकारेश्वर मे पोस्टमार्टम कर शवो को परिजनों के सुपर्थ किया। दोनो की नर्मदा तट पर अन्तोष्टी की गई। बलवाडा सेल्दा बडवाह बागोद बावी बरझर झिगडी पढाली आदी गाँव के लोग शव यात्रा मे सम्मलित हुये।



## मैं तुम्हारी बेमिसाल उलझनों का समाधान हूं, मैं भारत का संविधान हूं, कभी फुर्सत निकाल कर पढ़ना मुझे : भारतीय संविधान

विनय उजाला

**मंडलेश्वर, निप्र।** संविधान दिवस पर शासकीय महाविद्यालय में तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला के समापन अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रामदास शर्मा रहे।

अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मुकेश सांठे ने की विशेष वक्ता डॉ. रजनी सूर्यवंशी विशेष अतिथियों में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के पंकज यादव एवं अधिकार मित्र दुर्गेश राजदीप शामिल थे। मुख्य अतिथि रामदास शर्मा ने अपने भाषण की शुरुवात में विद्यार्थियों का आव्हान करते हुए कहा कि देश हमे देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखे। हमने हजारों वर्षों का संघर्ष देखा है आज एक मजबूत संविधान के कारण भारत देश अखंड बना हुआ है। संविधान का मतलब ही है सब के लिए सम विधान अर्थात देश का संविधान धर्म जाति लिंग के आधार पर किसी से भेदभाव नही करता है। कार्यशाला की मुख्य वक्ता डॉ. रजनी सूर्यवंशी ने अपने उद्बोधन के प्रारंभ में कहा कि भारतीय संविधान की आत्मा कहती है कभी फुरसत मिले तो पढ़ना मुझे मैं तुम्हारी बेमिसाल उलझनों का समाधान हूं मैं भारत का संविधान हूं।आपने 2010 में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी की संविधान गौरव यात्रा को संविधान के सम्मान के लिए ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा की हमे आज जो स्वातंत्रत सुरक्षा मिली है उसी के कारण भारत की हर जाति धर्म के लोग सुरक्षित है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्र दुर्गेश राजदीप ने कहा की संविधान में संशोधन की एक प्रक्रिया है जो देश हित या राष्ट्र हित में नही है उसे संविधान से हटाना संविधान का उलंघन या संविधान को खत्म करना नही है। सभी को अपने संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्य का पालन करना चाहिए।प्राचार्य डॉ. मुकेश सांठे ने संविधान का इतिहास बताया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के पंकज यादव ने संविधान के साथ नैतिक मूल्यों को बनाए रखने की बात कही। बी ए फाइनल के छात्र संजय अलावा ने पर्यावरण और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की बात कही। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक सेवा के न्यायोत्सव के तहत आयोजित निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सुमित भालेकर, द्वितीय प्रीति खेड़े एवं तृतीय स्थान पर आकृति पाटीदार रही। कार्यक्रम में छात्रा कृष्णा सेन एवं पूनम यादव ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संतोष बर्डे ने किया आभार डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह ने माना। इस अवसर पर एन एस एस प्रभारी डॉ. ओ एस परिहार, प्रो. चेतना सिद्धड, डॉ. फोजिया अजीज, डॉ. आरती सुगंधी सहित कॉलेज स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय दिवा शिविर का आयोजन किया

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी, कि छै इकाइयों के स्वयंसेवकों का एकदिवसीय दिवा शिविर गोद ग्राम पंचायत बड़गांव में आयोजित किया गया। उक्त शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉ. वीणा सत्य जिला संगठन डॉ आर एस मुजाल्दा के निर्देशन में, कार्यक्रम अधिकारी डॉ रणजीत सिंह मेवाडे, डॉ रंजना चौहान एवं डॉ राजमल सिंह राव, के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। दिवा शिविर के दौरान, सभी स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत बड़गांव में प्रत्येक घर जाकर मलेरिया, डेंगू, एनीमिया, सिकल सेल टीबी, कुपोषण, आदि गंभीर बीमारियों का सर्वेक्षण किया गया। अपने घर के आस-पास स्वच्छता रखने हेतु ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया, गंदी नालियों में पनपने वाले डेंगू एवं मलेरिया के मच्छरों के माध्यम से फैलने वाली बीमारियों से बचने के उपाय ग्रामीणों को बताए गए। मलेरिया एवं डेंगू जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव जागरूकता के माध्यम से किया गया। कुपोषित बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों एवं जिला चिकित्सालय में जाकर परामर्श लेने हेतु प्रेरित किया। सिकल सेल से पीड़ित व्यक्तियों को जिला चिकित्सालय में पंजीयन करवाने हेतु प्रेरित किया गया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें जिला चिकित्सालय के द्वारा रक्तदान कर उनको सहायता दी जा सके।



### शिक्षक रहे विष्णु प्रसाद शर्मा को नम आखों से दी श्रद्धांजली

**मंडलेश्वर, निप्र।** शिक्षा क्षेत्र में नगर को चालीस साल सेवा देने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक एवं एन सी सी के सेकंड आफिसर वी पी शर्मा का सोमवार की रात निधन हो गया। सन 1980 से शिक्षा जगत में अपनी सेवाएं देने वाले वी पी शर्मा ने 1994 से मंडलेश्वर के महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक के साथ एन सी सी अधिकारी के रूप में कार्य कर एक अलग पहचान बनाई वे 2020 में सेवा निवृत होने तक एन सी सी के अधिकारी के रूप में विख्यात रहे। नगर में 26 जनवरी की परेड को उन्ही के मार्गदर्शन में जिले में एक विशिष्ट पहचान मिली जिले में खरगोन जिला मुख्यालय के बाद मंडलेश्वर की गणतंत्र दिवस परेड को दूसरे स्थान पर लाने का श्रेय श्री शर्मा को जाता है। मंगलवार दोपहर को श्री वी पी शर्मा का अंतिम संस्कार नर्मदा तट मुक्तिधाम पर किया गया जिसमे बड़ी संख्या में शिक्षा जगत से जुड़े लोग शामिल हुए। महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एन सी सी अधिकारी राकेश बारिया के साथ केडेट्स ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए पुष्पमाला अर्पित की। विद्यालय में भी दोपहर बाद शोकसभा आयोजित कर दिवंगत श्री शर्मा को शृद्धांजली अर्पित की गई जिसमे शिक्षक अजीत सिंह चौहान प्राचार्य ए के तिवारी ने शब्दो से श्रद्धांजलि अर्पित की।

## नगर में सती त्रिपुर सुंदरी पालकी यात्रा निकली

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** श्री दिगंबर स्वामी मदन मोहन गिरि महाराज संत के मार्ग दर्शन में सोमवार को नगर में त्रिपूर सुंदरी पालकी यात्रा बड़ी धुमधाम से श्री मां बाघेश्वरी मंदिर से रवाना हुई। जो मुख्य बाजार होते हुए बायपास रोड़ बाणदा रोड़ सती गाथा बाबा स्थल पहुंची जहां गाथा बाबा नुरजी भूरिया पर विशेष आरती एवं प्रसादी का श्रध्दालूओ ने लाभ लिया। यात्रा में बड़ी संख्या में महारानी दुर्गावती कन्या आश्रम की बालिकाए सर पर कलश लेकर चल रही थी और बाबा मस्ती में मस्त होकर यात्रा में तलवार के करतब दिखाते हुए चल रहे थे। इस दौरान वनवासी कल्याण परिषद के जिला उपाध्यक्ष एवं ग्राम झाबा के सरपंच कैलाश झाबा, जिला हितरक्षा प्रमुख , एवं भाजपा मंडल महामंत्री सुरेश सिसोदिया, वनवासी कल्याण परिषद के ब्लाक अध्यक्ष कालुसिंह मोरी, वनवासी कल्याण छात्रावास प्रमुख रितेश काबरा, नेतृत्व करते हुए गाथा बाबा स्थल तक ले गये जगह जगह यात्रा का पुष्प बरसाकर स्वागत किया गया। वनवासी कल्याण परिषद के ब्लाक अध्यक्ष कालुसिह मोरी ने बताया इस कार्यक्रम को लेकर वनवासीयो में काफी उत्साह था राष्ट्रीय संत दादा धूनी वाले श्री दिगंबर स्वामी मदन मोहन गिरी जी महाराज के मार्गदर्शन में ये कार्यक्रम होना हमारे गांव ओर वनवासी क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इस दौरान उक्त कार्यक्रम के संयोजक महेश पांचाल बाणदा ने बताया की राष्ट्रीय संत दादा धूनी वाले श्री दिगंबर स्वामी मदन मोहन गिरी जी महाराज के मार्ग दर्शन मे यात्रा धुनि ध्वज के साथ निकाली जो गाथा बाबा स्थान पहुंची जहां आरती ओर प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अतिथि सरपंच धर्मेन्द्र बामनिया, सुरेश सिसोदिया रहे। कार्यक्रम में महेश पांचाल माताजी सेवक, रोशन भूरिया, विजय भूरिया, पप्पू भूरिया, पियूष राजपूत, पिंटू, आरती भारती, पल्लवी, शारदा, महालक्ष्मी, ममता आदि उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस पर सब जेल महेश्वर में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

विनय उजाला

**महेश्वर, निप्र।** जेल मुख्यालय भोपाल एवं सर्किल जेल बडवानी के निर्देशानुसार 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान को अपनाए जाने के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान अभियान की टैगलाईन के तहत सब जेल महेश्वर में आज दिनांक 26 नवंबर 2024 को सामुहिक संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया एवं कार्यक्रम आयोजित किये गए जिसमें मुख्य अतिथी माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी महेश्वर सुश्री दिव्या विश्वकर्मा व अन्य अतिथि में सी.एम. राइज स्कुल से श्री सायबा सोलंकी जी,शिक्षक श्री राजकुमार शर्मा जी शिक्षक व पी.एल.व्ही. नवीन कुशवाह एवं समस्त न्यायालयीन एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहे। बंदियों द्वारा कविता, गायन, पेंटिंग व नृत्य प्रतियोंगिताओं में भाग लिया गया। संविधान दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथी न्यायालय महेश्वर सुश्री दिव्या विश्वकर्मा द्वारा बंदियों को संबोधित करते हुए नागरिको के मौलिक अधिकारो एवं कर्तव्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी, उनके द्वारा बताया गया कि संविधान में नागरिकों के विस्तृत हित समाहित है, संबोधन में उनके द्वारा बताया गया कि व्यक्तियों के अधिकार और कर्तव्य एक दुसरे के पूरक के रूप में कार्य करते है उनके द्वारा संविधान की प्रस्तावना में संविधान की मूल आत्मा निहित होना बताया गया जो संविधान को जानने की कुंजी है। श्री सायबा सोलंकी द्वारा संबोधन में संविधान में विभिन्न प्रावधानो की जानकारी दी गयी, संविधान की विशेषताएं नागरिको के अधिकारो व कर्तव्यो की जानकारी दी गयी है। राजकुमार शर्मा द्वारा संबोधन में संविधान की प्रस्तावना उसकी मूल भावना के संबंध में बंदियों को जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के अंत में सहायक जेल अधीक्षक श्री बुद्धि विलास आरख सब जेल द्वारा समस्त जेल स्टाफ कि ओर से अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया एवं बंदियों के कल्यांण व उनके सुधार हेतु बात कही गयी।





**रासेयो ने मनाया संविधान दिवस**

# भारतीय संविधान और हमारे मूल कर्तव्य विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र। भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है यह भारत के लोकतंत्र की यह आत्मा है भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक कर्तव्य भारतीय नागरिकों को उनके मौलिक दायित्वों का बोध कराते हैं और उनसे यह अपेक्षा रखते हैं कि वह भारत के संवैधानिक व्यवस्था को बनाए रखने में सदैव अग्रसर रहे। भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक कर्तव्यों का पालन करना प्रत्येक भारतीय नागरिक का दायित्व है।**

उक्त बातें स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यशाला भारतीय संविधान और हमारे मौलिक कर्तव्यष् विषय पर बोलते हुए जिला न्यायाधीश श्री मानवेंद्र सिंह पवार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित 200 से अधिक राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। अपने आदित्य उद्बोधन में श्री दिलीप सिंह मुजाल्दा विधि सहायता अधिकारी द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को वर्तमान समय में मादक पदार्थ, बाल विवाह, साइबर अरेस्ट जैसी गंभीर समस्याओं से समाज में व्याप्त बुराइयों से दूर रहने की समझाइए दी साथ ही आपके द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदाय की जाने वाली विभिन्न विधिक योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान कर विधिक हेल्पलाइन नंबर 15100 छात्र-छात्राओं को नोट करवाया। कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पूजन अर्चन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक लक्ष्य गोले ,भूपेंद्र धनगर,योगिराज बच्चन ने अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी जगदीश गुजराती ने वर्तमान में भारतीय संविधान मे वर्णित मौलिक कर्तव्य एवं नागरिकों के नैतिक दायित्व के संदर्भ में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इससे पूर्व प्रात: सत्र में विद्यालय में कुमारी आशी निहाले ने भारतीय संविधान में वर्णित उद्देशिका का(अंग्रेजी) में वाचन किया। संस्था प्राचार्य द्वारा संविधान की उद्देशिका का हिंदी में वाचन किया जिसे सभी ने दोहराया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायोत्सव सप्ताह अंतर्गत आयोजित निबंध, चित्रकला एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को यथा चित्रकला प्रतियोगिता- कु.संयोगिता कैलाश डावर 12वी, कु. प्रियंका मुकेश केवट 11जी, कु.हिमांशी दिनेश विश्वकर्मा 9वी, मयंक नरेंद्र सिंह मंडलोई 9वी। निबंध प्रतियोगिता में कुमारी वैष्णवी संतोष देवका 11वी आर्ट, वीर महेश वर्मा 10वी, कुमारी मसरत इमरान खान 11वी आर्ट। स्लोगन प्रतियोगिता में 1. संदीप संजय सेन 12वी को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। साथ ही रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जगदीश गुजराती को विधिक साक्षरता शिविर एवं लीगल लिटरेसी क्लब के सफलतापूर्वक संचालन के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक श्री अजय यादव, बालाराम मुजाल्दे, संदीप शर्मा दीपक गुप्ता डॉ.राजू डावर, परमेश्वर मेरावी, सुरेश भाबर सहित रासेयो स्वयं सेवक आदित्य, राज, लक्ष्य, योगिराज, भूपेंद्र सहित बडी संख्या में छात्र छात्रा उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी जगदीश गुजराती ने किया आभार संस्था के शिक्षक रा से यो कार्यक्रम अधिकारी श्री अजय यादव ने माना।





## संक्षिप्त समाचार

### चरक भवन जिला अस्पताल का राज्य स्तरीय टीम ने असेसमेंट किया



**उज्जैन, निप्र।** मंगलवार सुबह राज्य स्तरीय टीम डॉ. माधव प्रसाद हसानी व डॉ. सौरभ मंडावारिया द्वारा जिला चिकित्सालय (चरक भवन) का एनक्यूएएस तथा मुस्कान कार्यक्रम का सर्विलेंस असेसमेंट किया गया। मंगलवार को किये गये असेसमेंट में राज्य स्तरीय टीम ने संतोष व्यक्त किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल, सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार दिवाकर , डॉ. नीतराज गौड़, श्रीमती वर्षा चौहान एवं श्रीमती हिमांगी चौहान के साथ समस्त वार्ड एवं विभागों के प्रमुख असेसमेंट के दौरान उपस्थित रहे।

### लैंक्सेस इंडिया, नागदा के साइट एचआर हेड ने पद छोड़ा

**नागदा जं, निप्र।** लैंक्सेस इंडिया ने नागदा साइट के मानव संसाधन प्रमुख पिंटू दास के इस्तीफे की घोषणा की, जो 25 नवंबर, 2024 से प्रभावी होगा। आठ साल से अधिक समय तक कंपनी की सेवा करने के बाद, दास ने अन्य अवसरों की तलाश के लिए अपनी भूमिका से हटने का फैसला किया है। उपयुक्त उत्तराधिकारी की पहचान करने की प्रक्रिया पहले से ही चल रही है, और नए एचआर हेड के बारे में घोषणा उचित समय पर की जाएगी। अंतरिम में, नागदा में एचआर टीम यह सुनिश्चित करने के लिए निर्बाध रूप से काम करना जारी रखेगी कि साइट का संचालन अप्रभावित रहे। लैंक्सेस इंडिया लोगों के प्रबंधन और संगठनात्मक विकास में उत्कृष्टता के अपने मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

**– सुनील कुमार गुलाटी, यूनिट मैन्युफैक्चरिंग हेड, नागदा साइट, लेंक्सेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड।**

### संविधान दिवस पर संयुक्त किसान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

**नागदा जं, निप्र।** संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा किसान संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष कमलेश परमार के नेतृत्व में केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ संविधान दिवस पर तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को विभिन्न मांगों को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि देश के किसान और मजदूर आज संविधान दिवस 26 नवंबर 2024 को एनडीए सरकार की किसान मजदूर विरोधी, कॉरपोरेट और बड़े पूंजीपतियों को समृद्ध करने के उद्देश्य से बनाई जा रही नीतियों के विरोध करने के लिए सड़को पर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा रहे हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य और शिक्षा प्रणालियों का बड़े पैमाने पर निजीकरण किया जा रहा है, हजारों सरकारी स्कूल बंद हो रहे हैं और उच्च शिक्षा आम लोगों की पहुंच से बाहर हो गई है। यहां तक कि विभिन्न राज्यों में जिला अस्पतालों का भी निजीकरण किया जा रहा है और स्वास्थ्य सेवा को बीमा आधारित प्रणाली में स्थानांतरित किया जा रहा है, संयुक्त किसान मोर्चा इन सभी चीजों का विरोध करते हुए महामहिम से मांग की है किसानों से लोगों के हित में इसे रोका जाए। इस अवसर पर मदनलाल परमार, बद्री लाल, राधाकिशन परमार, दिनेश वाघेला, जीतू यादव, गोपाल यादव, मदनलाल पाटीदार, पीयूष परमार, बाबूलाल मालवी, रमेश महाराज, संजय सिंह सहित किसान संघर्ष समिति के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सीएमएचओ कार्यालय में संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**उज्जैन, निप्र।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि 26 नवम्बर संविधान दिवस को संविधान अपनाने के 75 वर्ष पूर्ण हुए है। भारत सरकार द्वारा संविधान के महत्व को समझाने के लिए हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान अभियान सालभर के लिए चला रही है। संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में प्रस्तावना वाचन का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में समस्त अधिकारी व कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इस अवसर पर मनीष भद्रावले, एन.एच.एम. व कार्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### नगरपालिका द्वारा संविधान दिवस पर रंगोली प्रतियोगिता

**नागदा जं, निप्र।** नगरपालिका द्वारा संविधा दिवस के उपलक्ष्य में पुराने बस स्टेंड पर स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मारक के समीप रंगोली प्रतियोगिता आयोजन किया, जिसमें स्ट्रीट वेंडर के बच्चों एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष संतोष गेहलोत, उपाध्यक्ष सुभाषचंद शर्मा, सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश गेहलोत, पार्षद गौरव यादव, शैलेंद्रसिंह यादव, मंडल अध्यक्ष सीएम अतुल, भाजपा कार्यकर्ता ओमप्रकाश चौहान, सुभाष रावल, विजयसिंह सिसोदिया, जितेंद्रसिंह कुशवाह, घनश्याम राठी, अजय कुशवाह, डॉ. रामचंद्र परमार, जगदीश शर्मा, नपाकर्मी राकेश पंवार, सुनीता शर्मा, शाकीर खान आदि मौजूद रहे। इस मौके पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 23 प्रतिभागियों का पुष्पमाला पहनाकर एवं उपहार भेंटकर पुरस्कृत किया।

### कार्ड प्रधानमंत्री कौशल केंद्र मे सविधान दिवस के उपलक्ष्य मे जनजागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**उज्जैन, निप्र।** 26 नवम्बर को कार्ड प्रधानमंत्री कौशल केंद्र उज्जैन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सहभागिता की गई। सविधान दिवस के उपलक्ष्य मे जनजागरूकता और माला अर्पण कार्यक्रम मुख्य अतिथि अध्यक्ष देव संजीवन सामाजिक कल्याण समिति श्रीमान कुलदीप राजपुरोहित जी एवं आरजेडी दिशा परियोजना अधिकारी अजय भावसार द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती पूजन कर किया गया । संविधान निर्माता डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के उद्देश्यों पर चर्चा की गई। सविधान दिवस के उपलक्ष्य पर देश के सबसे बड़े लोकतंत्र के निर्माता धरती के कोहिनूर आदरणीय बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के विचारों को उनके महान ज्ञान के कुछ महत्व पूर्ण बातो को कार्यक्रम के माध्यम से रखी गई और उनके विचारों को बताया गया और महात्मा गाँधी जी के द्वारा देखा गया स्वच्छ भारत के सपने को आज पूरा होते देख आम जनता से रूबरू होकर सभी को सफाई के बारे मे बताया गया।

# कलेक्टर ने देखा नमो ड्रोन दीदी द्वारा ड्रोन से नैनो उर्वरक छिड़काव प्रदर्शन देखा

## मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन एवं कृषि विभाग ने कृषकों की कार्यशाला में ड्रोन व उन्नत तकनीकों की जानकारी प्रदान की

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग व किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा ग्राम पंथ पिपलाई में कृषकों को ड्रोन, नैनो यूरिया, नैनो खाद व उन्नत तकनीकों की जानकारी प्रदान करने के लिए कृषि कार्यशाला आयोजित की गई।**

कृषि कार्यशाला में कृषकों को नमो ड्रोन दीदी द्वारा ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव, कृषि विकास व उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृषि में आधुनिक तकनीकों का प्रयोग किए जाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यशाला में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने कृषकों को ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव के फायदे बताएं और नैनो यूरिया के उपयोग से कृषि की उत्पादकता में वृद्धि आदि की जानकारी दी। कलेक्टर श्री सिंह ने कृषकों को



नरवाई नहीं जलाने के प्रेरित किया तथा नरवाई की समस्या के समाधान के लिए कृषि यंत्र सुपरसीडर एवं आधुनिक तकनीकों का उपयोग करने के लिए कहा।

उन्होंने पशुपालक कृषकों द्वारा कृत्रिम गर्भाधान की तकनीक का उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर श्री सिंह एवं कृषकों को नमो ड्रोन दीदी द्वारा ड्रोन से नैनो उर्वरक छिड़काव का डिमोन्स्ट्रेशन दिया गया। इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिंह द्वारा कृषि अभियांत्रिकी द्वारा आयोजित आधुनिक कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जयति सिंह, जिला पंचायत सदस्य सुश्री राधा मालवीय, जनपद सदस्य बाबूलाल तिवारी, राजेन्द्र ठाकुर, जनप्रतिनिधी बहादुरसिंह बोरमुण्डला, रवि वर्मा, ग्राम पंचायतों के सरपंच व अन्य अधिकारीगण एवं कृषक उपस्थित थे।

# कर्मचारी संगठनों की आयुक्त के साथ बैठक संपन्न

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** नगर पालिक निगम सफाई कामगार संघ, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ की नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक के साथ विभिन्न मांगो के निराकरण हेतु नगर निगम कार्यालय छत्रपति शिवाजी भवन मे सौहार्दपुर्ण माहौल में बैठक संपन्न हुई।



बैठक में कर्मचारी संगठनों के मांग पत्र की कार्यसूची में सफाई कर्मचारियों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्रस्ताव शासन को भेजने, वर्ष 2015 में सफाई कर्मचारियो के पद कम हो गये है इन पदो को कम करने में जिन भी अधिकारी कर्मचारियो की लापरवाही थी उनके खिलाफ जांच करने एवं पद बढ़ाने के लिए शासन स्तर पर कार्यवाही करने, सेवानिवृत्त होने पर कर्मचारियों के परिवार के एक सदस्य को अस्थाई नौकरी देने, पूर्व की मांगो को शीघ्र अमल में लाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मा. न्यायालय में ग्रेच्युटी के संबंध में निर्णय हो चुके उन्हे मय ब्याज के ग्रेच्युटी देने, सेवानिवृत्त कर्मचारियो के मेडिकल भत्ते में वृद्धि करने ,निगम कर्मचारियों के आवास समस्या का निदान करने, शहर का क्षेत्रफल बढ़ने के मान से एवं प्रतिदिन श्रद्धालुओ के आगमन के मान से सफाई कर्मचारियो के नियमित पदो मे वृद्धि करने तथा जिन कर्मचारियो की सेवा 35 वर्ष हो चुकी है उन्हे चतुर्थ समय मान वेतन देने पर विचार विमर्श कर उचित निर्णय लिया गया।

इसी प्रकार 10 से 20 वर्ष की सेवा अवधि से अधिक होने वाले कर्मचारियो को विशेष भत्ता देने, समयमान वेतन के आदेश होने के बाद भी भुगतान नही हुआ है उन्हे एरियर का भुगतान करने, उपयंत्री सुश्री साधना चौधरी को विधि विभाग एवं जन्म मृत्यु विवाह पंजीयन शाखा से हटाने, वर्षो से एक ही पद पर कार्य कर रहे कर्मचारियो को वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति देने पर भी विचार विमर्श किया गया ।

बैठक में सफाई कर्मचारियो के पारिवारिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों हेतु बनाये गये मांगलिक भवनो से संजीवनी क्लिनिक हटाने, नगर निगम कर्मचारियो के लिए वाहन पार्किंग स्टेण्ड का निर्माण करने, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियो को नियमित करने, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ देने, स्थायी कर्मचारियो को ड्रेस, रेनकोट, गर्म वस्त्र देने, जिन कर्मचारियो ने सेनेटरी इंस्पेक्टर का डिप्लोमा कर रखा है उनका अनुभव का लाभ लेने, सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियो को 6 माह पूर्व सूचना पत्र देने पर विचार विमर्श होकर निर्णय लिये गये।

बैठक में अपर आयुक्त वित्त दिनेश चौरासिया, अपर आयुक्त संदीप शिवा, उपायुक्त संजेश गुप्ता, मनोज मौर्य सहित कर्मचारी नेता रामचंद्र कौरट , डा. पवन व्यास, मनसुख मेहरवाल, रमेश चंद्र रघुवंशी, नितिन मुसले, संदीप कलोसिया, शैलेष नागर, चंदगीराम टाकले, रमेशचंद्र निगम सहित अन्य कर्मचारी नेता अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# महापौर ने किया निर्माणाधीन पेयजल टंकी का निरीक्षण



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** अमृत मिशन के फेस 2 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 54 स्थित हामूखेड़ी क्षेत्र में रहवासियों की पेयजल समस्या के निराकरण हेतु उज्जैन नगर पालिक निगम पीएचई विभाग द्वारा 20 लाख लीटर क्षमता एवं 20 मीटर हाइट वाली पेयजल टंकी का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है मंगलवार को उक्त प्रचलित कार्य का निरीक्षण महापौर मुकेश टटवाल द्वारा किया गया। महापौर श्री टटवाल द्वारा टंकी निर्माण कार्य की गुणवत्ता का अवलोकन करते हुए कार्य को निर्धारित समयावधी में पूर्ण करने हेतु पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री एन.के. भास्कर एवं संबंधित ठेकेदार एजेंसी को निर्देशित किया गया। आपने कहा कि टंकी का निर्माण होने से क्षेत्र के रहवासियों की पेयजल समस्या का शीघ्र निदान होकर घर-घर तक पानी पहुंचाया जा सकेगा।

# एन केप के माध्यम से किया जाये सौन्दर्यीकरण कार्य

**उज्जैन, निप्र।** शहर के प्रमुख मार्गो एवं उद्यानों का विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य एन केप के माध्यम से किया जाये। सड़क के दोनो ओर जहां पौधारोपण की आवश्यकता है वहॉ पौधारोपण किया जाये। यह निर्देश लोक निर्माण एवं उद्यान विभाग प्रभारी शिवेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित विभाग की बैठक में दिये गये।



शिवेन्द्र तिवारी ने बताया कि शहर में जितने भी फाउन्टेंट है उनका दस दिवस में विद्युत कनेक्शन एवं आपरेशन मेन्टेनेन्स का निर्धारण किया जाये, मोहन नगर रोटरी एवं अशोक टाकीज रोटरी पर फाउन्टेंट के लिए परीक्षण किया जाये, जहॉ सीमेंट कांक्रीट रोड़ हो वहॉ पेवर ब्लॉक नही लगाये जाये, ओखलेश्वर शमशान घाट का विकास कार्य एवं सी.एन.जी. व विद्युत शवदाह गृह के लिए प्रस्ताव बनाये जाये, नृसिंह घाट एवं योगेश्वरी टेकरी का विकास नगर वन के लिए किया जावे, तरणताल से कोठी रोड़ का सौन्दर्यीकरण किया जाना है जहॉ पी. डब्ल्यु. डी. चौड़ीकरण कर रहा है सौन्दर्यीकरण एवं विकास कार्य करने से पूर्व लोक निर्माण विभाग से प्रस्तावित चौड़ीकरण के मार्गो की सूची ले ली जाये उसके बाद ही विकास एवं सौन्दर्यीकरण के प्रस्ताव बनाये जाये, मंगलनाथ से सिद्धवट तक विकास कार्य और सौन्दर्यीकरण किया जा सकता है प्रस्ताव देने से पूर्व एन केप स्थल निरीक्षण करवा ले।

# चायना डोर के उपयोग, विक्री पर प्रतिबंध

**उज्जैन, निप्र।** जिले में वृहद स्तर पर पतंगबाजी की जाती है। विगत वर्षों में पतंगबाजी में चायना डोर का प्रयोग अधिकता से किया गया है, चायना डोर का मटेरियल खतरनाक होता है और डोर अत्यधिक धारदार होती है। चायना डोर के उपयोग के कारण पूर्व में राहगीरों/पशु/पक्षियों के कटने तथा चोट पहुँचने की घटनाएं घटित हुई है। चायना डोर के उपयोग से भविष्य में भी घटना-दुर्घटना होना संभव है जिसमे जनहानि, धनहानि, पशुहानि होने के साथ विवाद होने की संभावना भी रहती है। चायना डोर के उपयोग से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए चायना डोर पर कलेक्टर नीरज कुमार सिंह द्वारा 25 नवंबर से आगामी 2 माह तक प्रतिबंध लगाया जाता है। जिले में मानव/पशु-पक्षियों के जीवन की सुरक्षा बनाए रखने एवं दुर्घटनाओ की रोकथाम के लिए एवं जन सामान्य के हित/जान माल की रक्षा एवं लोक शांति को बनाए रखने यह प्रतिबंधात्मक आदेश संपूर्ण जिले में लागू रहेगा। आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति पतंगबाजी में न तो नायलोन डोर (चायना डोर) का निर्माण करेगा, न ही क्रय-विक्रय करेगा।

### बैंक ने मकान को सील किया

नागदा जं, निप्र। बैंक ऋण की अदायगी समय पर नहीं करने पर मंगलवार को अंजीन नगर में एक मकान को सील करने की कार्यवाही बैंककर्मियों ने स्थानीय प्रशासन की मदद से की। तहसीलदार मुकेश सोनी के अनुसार अंजीन नगर निवासी श्यामुबाई पति अशोक मकवाना ने इंडिया सेलटर बैंक से ऋण लिया था, जिसकी 7 लाख 41 हजार 5 रुपए की राशि बकाया होने पर मंगलवार को बैंककर्मी, स्थानीय पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त ने मकान को सील करने की कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान पटवारी यशप्रतापसिंह भदौरिया, बैंक के वकील जितेंद्र प्रजापत एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### आप ने मनाया संविधान दिवस के साथ अपना स्थापना दिवस

**उज्जैन, निप्र।** आम आदमी पार्टी की 12 वर्ष पूर्व संविधान दिवस पर वर्ष 2012 में स्थापना हुई थी। प्रतिवर्ष पार्टी द्वारा इस दिन को स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। आप के संस्थापक सदस्य अमित माथुर ने बताया कि इस अवसर पर टॉवर चौक पर आम आदमी पार्टी उज्जैन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम टावर पर बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस को मनाया तत्पश्चात केक काटकर व मिठाई खिलाकर शहरवासियों के साथ स्थापना दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर अक्षय पाटीदार, अभिषेक शर्मा आदि।

# संविधान दिवस के अवसर पर किया माल्यार्पण

## महापौर ने दिलाई संविधान की शपथ

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** 26 नवंबर संविधान दिवस के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासन निर्देशानुसार प्रदेश की समस्त नगरीय निकायों ने संविधान के अमृत महोत्सव अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में नगर निगम उज्जैन द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण, प्रतिज्ञा एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालीहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, एमआईसी सदस्य रजत मेहता, कलेक्टर नीरज सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा, निगम आयुक्त



आशीष पाठक, सीईओ जिला पंचायत जयति सिंह, पार्षद राजेंद्र कुंवाल, श्रीमती आभा कुशवाह, श्रीमती निर्मला कारण परमार, सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा महापौर श्री टटवाल द्वारा सभी को संविधान की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकर्स को प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित किया गया तथा पीएम स्वनिधि के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। आभार अपर आयुक्त संदीप शिवा ने माना। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम एलएन गर्ग, उपयुक्त मनोज मौर्य, श्रीमति कृतिका भीमावत, संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त प्रदीप सेन सहित निगम अधिकारी उपस्थित रहें।

**जाहिर सूचना**

एतद् द्वारा सर्वधाराण को सूचित किया जाता है कि, मुझ सूचनाकर्ता खुश्बू पति स्व. राहुल जाति पोरवाल निवासी 182, रामसहाय मार्ग नागदा जिला उज्जैन मप्र की होकर नागदा नक्षर के मोहल्ला रामसहाय मार्ग पर एक मकान जिसकी लम्बाई 60 फीट तथा चौड़ाई 10 फीट की होकर उक्त मकान के पूर्व दिशा में मदूलाल पोरवाल का मकान, पश्चिम में रघुवंशी का मकान, उत्तर में गली तथा दक्षिण में आम रास्ता होकर स्थित है तु एक अन्य मकान मोहल्ला रामसहाय मार्ग में सिति जिसकी चौड़ाई 12.5 फीट व लंबाई 45 .फीट होकर उक्त मकान के उत्तर में रास्ता रामसहाय मार्ग, पूर्व में गली, पश्चिम में मांगूबाई का मकान तथा दक्षिण में आम रास्ताा सब्जी मंडी का होकर उक्त दोनों ही मकान मुझ सूचनाकर्ता एवं मेरी सास छोटीबाई पति दिलीपकुमार के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की होकर उक्त संपत्ति को छोटीबाई पति दिलीपकुमार के द्वारा विक्रय अंतरण या बंधक के लिए प्रयासरत है इसलिये कोई भी व्यक्ति छोटीबाई से उक्त दोनों मकान के क्रय विक्रय करने संबंधित किसी प्रकार का कोई व्यवहार नहीं करें, क्योंकि छोटीबाई मुझ सूचनाकर्ता के पति स्व. राहुलजी की माता होकर मुझ सूचनाकर्ता को बेदळल करने के लिए प्रयासरत है इसलिये यह जाहिर सूचना उक्त उपर उल्लेखित दोनों मकान के संबंध में जारी करना आवश्यक होने से संबंधित सूचना का पालन करें।
दिनांक 26.11.2024

**खुश्बू पति स्व. राहुल पोरवाल**
निवासी- 182 रामसहाय मार्ग, नागदा जंक्शन,
जिला उज्जैन (म.प्र.) मोंनं. 9009558160

# जनसुनवाई में शॉपिंग काम्पलेक्स में पार्किंग अभाव की शिकायत

## महात्मा गांधी मार्ग पर नियम विरुद्ध चार मंजिला भवन का निर्माण

विनय उजाला

**नागदा जं, निप्र।** जनसुनवाई में मंगलवार को एसडीएम ब्रजेश सक्सेना के समक्ष शहर के शॉपिंग कॉम्पलेक्स में पार्किंग सुविधा नहीं होने का मामला उठाया गया। शिकायत में बताया कि शॉपिंग काम्पलेक्स के नक्शे में पार्किंग को दर्शाया गया, लेकिन उसका पालन नहीं हो रहा है, जिससे मुख्य मार्गो पर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। वहीं महात्मा गांधी मार्ग पर नॉन स्टॉप रेडिमेड के संचालक द्वारा चार मंजिला इमातर बनाने की शिकायत की गई, शिकायकर्ता आरोप है कि नगरपालिका द्वारा चार मंजिला इमारत की अनुमति नहीं दी जा सकती है, इसके बाद भी नियमों का ताख में रखकर भवन निर्माण कर लिया गया, दूसरी मंजिल की आवासीय अनुमति को भी




व्यवसायिक रुप में परिवर्तित कर दिया गया है। गवर्नमेंट कॉलोनी में दो भाईयों में विवाद के चलते मकान का प्लास्टर नहीं होने की शिकायत मिली। इसी तरह जनसुनवाई में अनुपस्थित रहने वाले स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारियों को नोटिस जारी करने की बात एसडीएम ने कहीं।

बैंक लोन की अदायगी नहीं किए जाने पर दो हितग्राही जनसुनवाई में पहुंचे और अदायगी के लिए 15 दिन का समय मांगा, तहसीलदार के शपथ पत्र लेकर 15 दिन की रियायत दी। जनसुनवाई में नायब तहसीलदार रामविलास वक्तारिया, नपा इंजीनियर सृष्टि गुप्ता, विद्युत कंपनी के डीई मिनेष कुमार, आशु प्रजापति, आत्माराम पाटीदार, संजयकुमार झा, सुषाम यादव, समद खान, महेंद्र अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती लुबना शेख पति शाहबाज शेख जाति शेख निवासी बी/103, लिंक पैलेस जंक्शन आफ बेहराम बाग एंड लिंग रोड़, शिव साई मंदिर के सामने, जोगेश्वरी वेस्ट मुम्बई महाराष्ट्र, हा.मु. बीएसएनएसल टॉवर के सामने शिवपूरा नागदा जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखंड जो कि ग्राम पाडल्याकला स्थित सर्वे क्रमांक 1352/1, 1353/3 एवं 1354 की भूमि में स्थित भूखंड, नगरपालिका सीमा नागदा के वार्ड नंबर 24 अंतर्गत मोहल्ला सुनीर नग र के पास इंगोरिया रोड़ के पीछे इंदिरा गांधी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित नागदा जिला उज्जैन में स्थित 1287 वर्गफीट का भूखंड जिसका भूखंड क्रमांक 50 का भाग होकर जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार है कि पूर्व में रास्ता, पश्चिम में विक्रेता का शेष भूखंड, उत्तर में भूखंड क्रमां क 49 व दक्षिण में 25 फीट चौड़ा रास्त स्थित है को मेरे पक्षकार ने क्रय कर अनुबंध कर बयाना राशि भी अद ा कर दी है यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त भूखंड के बाबत स्वत्व संबंधी, कब्जा संबंधी या अन्य कोई भी विवाद हो या अन्य किस का उक्त भूखंड पर कोई ऋण बकाया हो या किसी भी शासकीय या अर्द्ध शासकीय संस्था द्वारा बंधक किया हो या मार्डगेज किया हो, या कोई लेनदारी हो या किसी भी न्यायालय में वाद विचाराधीन हो या उक्त भूखंड के विक्रय से किसी को कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के सात दिन की अवधि में सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे निम्नांकित कार्यालय में शाम 730 बजे से 900 बजे तक पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके। अन्यथा अवधि पश्चात शेष विक्रय राशि अ दा कर मेरा पक्षकार विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेवेगा व नियतअवधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं कि जावेगी। दिनांक 27.11.24

**अशोक पोरवाल – एडव्होकेट**
कार्यालय: 150जवाहर मार्ग, शेषशायी कॉलेज के पास
नागदा जंक्शन,जिला उज्जैन (म.प्र.) मोंनं. 98272-65273

## संक्षिप्त समाचार

### संविधान की उद्देशिका का किया वाचन



**देवास, निप्र।** संविधान दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में अधिकारी/कर्मचारियों ने संविधान की उद्देशिका का वाचन किया।

### वरिष्ठ साहित्यकार मीरा जी जैन भोपाल में सम्मानित



**बाकानेर, निप्र।** वरिष्ठ साहित्यकार एवं लघु कथा लेखिका मीरा जैन जी उज्जैन को प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रेस दिवस कार्यक्रम भोपाल में राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद खालिद कैस, राष्ट्रीय सदस्य सैयद रिजवान अली, भोपाल पुलिस उपयुक्त पंकज श्रीवास्तव, दूध डेयरी फेडरेशन सचिव तरुण भटनागर जी ने प्रशंसा पत्र शील्ड देकर सम्मानित किया।

### अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना की जिला स्तरीय बैठक संपन्न



**शाजापुर, निप्र।** स्थानीय दुपाड़ा रोड स्थित मां चामुंडा धर्मशाला में अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना संस्था की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अमरसिंह बिरला, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ सुरेश गुर्जर, प्रदेश उपाध्यक्ष राजा भैया, उज्जैन संभाग अध्यक्ष डॉ जीवनसिंह गुर्जर, जिलाध्यक्ष देवकरण गुर्जर के आतिथ्य में आयोजित बैठक की शुरुआत देवनारायण भगवान की जय घोष के साथ की गई। वहीं सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत गले में भगवा दुपट्टा डालकर किया गया। बैठक में सभी ने अपनी बात रखी। अतिथियों ने एकजुट होकर कार्य करने और अपना उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। डॉ सुरेश गुर्जर ने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी प्रकार का नशा नही करें और यदि कोई नशा करता है तो उसे देवसेना के दायित्व से मुक्त किया जाएगा। राजा भैया ने कहा कि संगठन में राजनीति का हस्तक्षेप न हो और समाज हित में कार्य कर रहे युवाओं का सहयोग करें और उनका मनोबल बढ़ाएं। कार्यक्रम में देवसेना के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एमजी कान्वेंट की छात्रा कायनात पठान उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित




**शाजापुर, निप्र।** जिला न्यायालय शाजापुर द्वारा आयोजित संविधान दिवस समारोह में बेरछा निवासी अभिभाषक सईद पठान की बेटी एवं महात्मा गांधी कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा कायनात पठान को उत्कृष्ट कार्य के लिए मंगलवार को संगोष्ठी संविधान दिवस पर स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रधान जिला न्यायाधीश ललित किशोर गर्ग, विशेष न्यायाधीश अधिरंजन जोशी, जिला न्यायाधीश एवं सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर सिराज अली, विधिक प्राधिकरण अधिकारी फारुख अहमद सिद्दीकी के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधिक सेवा प्राधिकरण के पदाधिकारी, स्कूल के शिक्षक विजय ठाकुर भी उपस्थित थे।

### बैंक ऑफ इंडिया का इंटरनेट सर्वर दो दिन से बंद, बैंक उपभोक्ता हुए परेशान




**सोनकच्छ, निप्र।** स्थानीय बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में पिछले दो दिनों सोमवार, मंगलवार को बैंक का इंटरनेट सर्वर बंद होने से बैंक में आने वाले सेकंडों उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा, सर्वर मंगलवार शाम तक भी शुरू नहीं हो पाया था। बैंक के कर्मचारियों ने बताया कि सर्वर की समस्या सभी जगह पर आ रही है और यह कब ठीक होगी हमें नहीं पता, वहीं सर्वर नहीं होने से बैंक के अंदर और बाहर उपभोक्ताओं की काफी भीड़ लगी रही खासकर बुजुर्ग महिला पुरुष काफी परेशान होते देखें गये।

# नगर में घर के बाहर मार दी थी गोली... हत्या में मां-बेटी थी शामिल

## देवास पुलिस ने गोलीकांड का किया पर्दाफाश, शूटर सहित 4 आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त हथियार जब्त

विनय उजाला

**कन्नौद, निप्र। नगर में पिछले दिनों एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले के चार दिनों में ही पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस हत्या में मृतक की पत्नी व बेटी भी शामिल थी। आज प्रेस वार्ता में देवास पुलिस ने खुलासा किया।**



22 नवंबर को सुबह 7 बजे शासकीय चिकित्सालय कन्नौद से सूचना प्राप्त हुई कि निसार पिता मुशर्रफ अली उम्र 45 साल निवासी जत्रा मैदान कन्नौद को सतवास रोड पर उसके घर के सामने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सीने में गोली मारी गई। परिजनों के द्वारा निसार अली को अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों की पैनल द्वारा उसे मृत घोषित किया गया। उक्त सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आकाश भूरिया, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कन्नौद केतन अडलक एवं थाना प्रभारी कन्नौद तहजीब काजी तत्काल फोर्स के साथ शासकीय चिकित्सालय कन्नौद पुहंचे। उक्त गंभीर घटना की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारी को दी गई एवं घटनास्थल का सुक्ष्मता से निरीक्षण किया गया। परिजनों की रिपोर्ट पर से थाना कन्नौद में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आकाश भूरिया के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी (कन्नौद) केतन अडलक के निर्देशन में 2 विशेष टीमों का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य, भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये। तकनीकी साक्ष्य, भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को पकड़कर प्रारंभिक पूछताछ करने पर उनके द्वारा घटना करना स्वीकार किया है।

### गिरफ्तार आरोपियों के नाम

- विशाल पिता अशोक उम्र 22 साल निवासी फरीदाबाद हरियाणा हाल मुकाम संजीवनी नगर थाना खजराना जिला इन्दौर।
- दीपक पिता मढिया उम्र 19 साल निवासी बाघ टांडा जिला धार हाल मुकाम खजराना थाना खजराना जिला इन्दौर।
- रुकसाना बी पति निसार अली उम्र 42 साल निवासी बीएसएनएल ऑफिस सतवास रोड कन्नौद।
- सिमरन पिता निसार अली उम्र 18 साल निवासी बीएसएनएल ऑफिस सतवास रोड कन्नौद।

### शादी के रिश्ते से नाखुश थी मृतक की बेटी

मृतक की बेटी सिमरन अपने शादी के रिश्ते से नाखुश थी। उसके पिता कहीं ओर रिश्ता कराना चाहते थे। इससे वह सतुंष्ट नहीं थी। इसी आधार पर अपनी मां के साथ मिलकर और अपने मित्र विशाल एवं उसके मित्र दीपक के साथ मिलकर घटना की साजिश को अंजाम दिया। सिमरन के कहने पर ही विशाल और दीपक के द्वारा निसार अली की गोली मारकर हत्या की थी। पूरे प्रकरण में पुलिस को गुमराह करने प्रयास किया गया। कई संदिग्धों से पुलिस ने पूछताछ की थी। कोई भी निर्दोष व्यक्ति पुलिस से प्रताड़ित ना हो इसका भी ध्यान रखा गया। पुलिस ने आखिरकार पेशेवर ढंग से आरोपियों का पता लगाया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# कन्या हायर सेकंडरी स्कूल सोनकच्छ और हाई स्कूल अगेरा में संविधान दिवस मनाया

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** संविधान दिवस के उपलक्ष में शनिवार को स्थानीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल पांचू बाई बिरमाजी जाट स्कूल में अनुविभागीय अधिकारी प्रियंका मिमरोट, विकास खंड शिक्षा अधिकारी सीएल पेठारी और स्कूल प्राचार्य चन्मंद्रकांता बैस की उपस्थिति में स्कूल की छात्राओं को देश के संविधान के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के पूर्व संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण की गई। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित था।



इसी तरह शास हाई स्कूल, अगेरा में चित्र कला और लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें शाला के 50छात्र छात्राओं ने भाग लिया, प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शाला के शिक्षक महेश चंद्र सिसोदिया, मनोहर लाल परमार, दिलीप सिंह सोलंकी , सरोज ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# बाबा साहब को याद कर संविधान दिवस पर हुआ शपथ ग्रहण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा नेहरू युवा केंद्र शाजापुर के सयुंक्त तत्वावधान में मंगलवार को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में शपथ ग्रहण एवं निबंध प्रतियोगता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ वीपी मीणा ने संविधान कि उद्देशिका का वाचन कराया तथा संविधान की शपथ दिलाई। वहीं रासेयो जिला संगठक प्रो दुष्यंतकुमार यादव ने रासेयो स्वयंसेवकों तथा विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान देश का सर्वोच्च कानून है। यह सरकारी संस्थाओं और नागरिकों के मौलिक अधिकारों, शक्तियों और कर्तव्यों को परिभाषित करने वाला विस्तृत ढांचा प्रदान करता है। यह संवैधानिक सर्वोच्चता स्थापित करता है। भारत के संविधान को 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था तथा यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था। संविधान के अंगीकरण के कारण 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में शपथ के पश्चात् रासेयो इकाई एंबेसेडर रवि कुमार के नेतृत्व में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें रासेयो स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भारत का संविधान विषय पर भाषण दिए। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम शिवम् परिहार, द्वितीय लक्ष्मी पुष्पद एवं तृतीय अनुजसिंह रहे तथा सांत्वना पुरस्कार सुमन बैरागी को दिया गया। इस अवसर पर प्रो प्रकाश बर्फा, प्रो गरिमासिंह परिहार, रासेयो इकाई दलनायिका हर्षिता पाटीदार, दीपिका शर्मा, रीना पंवार, नेहा शर्मा, श्रीनाथ, अनिल शर्मा, रितेशकुमार वर्मा, रासेयो मीडिया प्रभारी पवन पुरी सहित रासेयो स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी मौजूद रहे। इस अवसर पर तबस्सुम शाह, ईश्वरलाल मालवीय, सीमा सोनगरा, दिलीप जायसवाल, हेमंत सक्सेना, अरुणा कराड़ा, रुचि नागर, शैफाली भाटिया सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।




### विद्यार्थी श्रृंखला बनाकर किया संविधान उद्देशिका का वाचन

सीएम राइज विद्यालय हरायपुरा शाजापुर में 75वे संविधान दिवस पर प्रधानाध्यापिका का रानू सक्सेना के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा विद्यार्थी श्रृंखला बनाकर संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रानू सक्सेना ने संविधान उद्देशिका का वाचन किया तथा वरिष्ठ शिक्षिका शैफाली जोशी द्वारा संविधान दिवस पर विद्यार्थियों को संविधान की अक्षुण्णता बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई गई। शिक्षक हेमंत सक्सेना ने संविधान सभा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिक्षक ईश्वरलाल मालवीय ने बताया कि भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है, जिसे तैयार करने में कुल 2 साल 11 महीने और 18 दिन लगे थे। शिक्षकों द्वारा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से संविधान के उद्देश्यों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।

# साबरमती रिपोर्ट ने गोधरा कांड और उसके बाद के घटनाक्रमों को एक अलग दृष्टिकोण से पेश किया है : विधायक मुरली भंवरा

### 'द साबरमती रिपोर्ट' विधायक निवास पर दिखाई गई

विनय उजाला

**कांटाफोड़, निप्र।** गुजरात दंगे को लेकर बनी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' अब प्रदेश मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर भाजपा विधायक द्वारा दर्शकों को दिखाई जा रही है। उसी क्रम में भाजपा विधायक मुरली भंवरा द्वारा भी अपने निज निवास पर हजारों की संख्या कार्यकर्ता एवं जनता को फिल्म दिखाई गई इस फिल्म के माध्यम से गुजरात दंगों को लेकर भाजपा पर उठे सवालों का जवाब देने की कोशिश की जा रही है भाजपा सरकार इसे व्यापक प्रचार-प्रसार में जुटी है फिल्म में दंगों के दौरान हुई घटनाओं को लेकर भाजपा का कहना है कि विपक्षी दलों द्वारा लगाए गए आरोप निराधार थे।



यह फिल्म उसी हकीकत को दर्शकों के सामने लाने का प्रयास कर रही है। विधायक मुरली भंवरा के इस कदम से फिल्म को देखने के लिए हजारों की संख्या में जनता एवं कार्यकर्ता विधायक निवास पहुंचे। फिल्म का प्रदर्शन भाजपा के वरिष्ठनेताओं की उपस्थिति में किया गया। फिल्म द साबरमती रिपोर्ट ने गोधरा कांड और उसके बाद के घटनाक्रमों को एक अलग दृष्टिकोण से पेश किया है। विधायक मुरली भंवरा ने बताया कि इस फिल्म के माध्यम से गुजरात दंगों की सच्चाई को उजागर किया गया है। जो कि लंबे समय से विपक्ष द्वारा भ्रामक रूप से प्रस्तुत की जा रही थी। विधायक मुरली भंवरा ने कहा, फिल्म में गोधरा में हुए हादसे और उसके बाद की घटनाओं को सही संदर्भ में दिखाया गया है। यह फिल्म समाज के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश देती है।फिल्म ने गोधरा कांड के बारे में समाज में व्याप्त भ्रांतियों को खत्म करने का कार्य किया है मैं सभी से अपील करता हूं कि वे इसे देखें। इसके अलावा भाजपा नेताओं ने फिल्म के निर्माण से जुड़ी टीम और कलाकारों का आभार व्यक्त किया। उनके प्रयासों की सराहना की। विधायक निवास पर फिल्म देखने आये सभी जनता कार्यकर्ता को सिनेमाघरों में मिलने वाले पापकन, गरम जलेबी, चाय की विशेष व्यवस्था की गई बागली विधानसभा सिनेमाघर नहीं होने के बाद भी विधायक मुरली भंवरा ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर सम्पूर्ण व्यवस्था निवास पर करके सभी को फिल्म दिखाई एवं उसकी चर्चा करने की व्यापक अपील की।



# लापरवाही... जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में न वाटरकूलर था न ही सुरक्षा गार्ड...

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी महिला तहसीलदारों से अस्पताल के निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों की जानकारी ली।

जिला अस्पताल में मेटरनिटी वार्ड में द्वितीय तल पर सुरक्षागार्ड और वाटरकूलर की व्यवस्था नहीं होने पर सुरक्षागार्ड और वाटर कूलर की व्यवस्था के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि निरीक्षण के दौरान मेटरनिटी वार्ड में आशा कार्यकर्ता दिखाई देती है तो कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कोषालय अधिकारी को निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन में सी और डी ग्रेड में रहने वाले सभी अधिकारियों का इस माह का वेतन नहीं निकाले। विभागों की ग्रेडिंग सुधरने पर ही संबंधित अधिकारियों का वेतन आहरण किया जायेगा। ''जल जीवन मिशन'' अंतर्गत नल जल योजना में धीमी गति से कार्य होने पर पीएचई इंजीनियर का वेतन रोकने के निर्देश भी दिये।

## कथा के दूसरे दिन माता देवहूति व भगवान कपिल देव के संवाद

# सच्चा साधु हमेशा सहनशील, दयावान, क्षमाशील, दूसरे के दुख को देखकर दुखी होता है : पं. राघवेंद्राचार्य महाराज

विनय उजाला

**सीहोर। शहर के चाणक्यपुरी स्थित श्री गोंदन सरकार धाम में श्री गोंदन सरकार हनुमान महाराज की असीम अनुकंपा एवं दिव्य संरक्षण द्वारा बह्मलीन अनंत श्री पंडित महावीर शरण चतुर्वेदी दद्दा की पावन पुण्य स्मृति प्रतिवर्षानुसार संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित राघवेंद्राचार्य महाराज देवहूति-कपिल संवाद का वर्णन किया गया।**

मंगलवार को महाराज ने विस्तार से माता देवहूति व भगवान कपिल देव के संवाद को सुनाया। उन्होंने कहा कि एक साधु के क्या लक्षण होते हैं श्रीमद्भागवत कथा सुनने से पता चलता है। आज के समय में बहुत से लोग साधु बनकर लोगों को धोखा देते हैं। इससे लोगों को सच्चे साधु तथा महापुरुषों से विश्वास उठ गया है। ऐसा नहीं है कि संसार में सच्चे साधु नहीं हैं। हमें साधु की पहचान होने चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत में जो साधु के लक्षण लिखे हैं उन्हीं से साधारण व्यक्ति को भी पता चल जाएगा कि सच्चा साधु कौन होता है। सच्चा साधु हमेशा सहनशील, दयावान, क्षमाशील, दूसरे के दुख को देखकर दुखी होता है।






### आज के समय में केवल नाम संकीर्तन करने से ही प्रभु से मिलन का रास्ता सुगम बनता

कथा व्यास पंडित राघवेंद्राचार्य महाराज ने कहा कि आज के समय में केवल नाम संकीर्तन करने से ही प्रभु से मिलन का रास्ता सुगम बनता है। कलियुग में स्वरूप सेवा जल्दी नहीं फलती बल्कि नाम सेवा या स्मरण सेवा तुरंत फल देती है। मनुष्य के शरीर श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पदसेवन, अर्चन, वंदन, सख्य व आत्मनिवेदन नवधा भक्ति के नौ अंग हैं तथा जिनमें पारंगत होने के बाद ही कपिल मिलते हैं। जिनके द्वारा ज्ञान बाहर निकल जाता है। इंद्रियों के द्वारा संचित ज्ञान बाहर न निकले इस लिए इंद्रियों का विरोध करो तथा उन्हें प्रभु के मार्ग की तरफ मोड़ दो। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत ऐसा महाग्रंथ है जो जीवन का सार है।

### केवल शुद्ध भक्ति से भगवान का पुत्र के रूप में पा सकते

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत में स्पष्ट है कि ज्ञान का शत्रु है हिरण्याक्ष तथा ज्ञान के साक्षात अवतार है कपिल। नवधा भक्ति के बिना कपिल अर्थात ज्ञान नहीं आते। भक्ति ही ज्ञान में बदलती है तथा भक्ति के बाद ही ज्ञान आता है। महर्षि कर्दम व मां देवहूति के घर पुत्र के रूप में साक्षात भगवान का जन्म लेना इस बात द्योतक है कि संसारी लोग भी केवल शुद्ध भक्ति से भगवान का पुत्र के रूप में पा सकते हैं। सांख्य के बारे में विस्तृत वर्णन करते हुए कहाकि जो भौतिक तत्वों के विशेषण के माध्यम से अत्यन्त स्पष्ट वर्णन करे वह सांख्य है। दर्शन का दृष्टि से इस शब्द का प्रयोग इस लिए होता है कि सांख्य दर्शन विशेषणात्मक ज्ञान का प्रतिपादन करता है। इसी ज्ञान के द्वारा व्यक्ति जड़, पदार्थ व आत्मा में भेद करने में समर्थ बनता है। उन्होंने कहा कि सांख्य व भक्ति एक ही साधन के दो विशेष के दो स्वरूप हैं तथा सांख्य का अंतिम लक्ष्य अथवा स्वरूप केवल भक्ति ही है। कथा के यजमान अशोक गोयल एवं श्रीमती मधु गोयल आदि ने आरती की।

## संक्षिप्त समाचार

### खेल एवं युवा कल्याण मंत्री सारंग की उपस्थिति में होगा पुरस्कार समारोह

**भोपाल, निप्र।** भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय, शिवाजी नगर में बालक वर्ग की वेस्ट जोन इंटर स्कूल बैण्ड प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह 27 नवम्बर बुधवार को प्रात: 10 बजे करेंगे। सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल में प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार समारोह खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग के आतिथ्य में दोपहर 3 बजे होगा। प्रतियोगिता में वेस्ट जोन के 6 राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र गोवा और केन्द्र शासित प्रदेश दमन एवं दीव तथा दादर नगर हवेली की राज्य विजेता टीमें भाग लेंगी। इन सभी टीमों के 240 बालक पाइप बैण्ड एवं ब्रास बैण्ड विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीमें गणतंत्र दिवस-2025 के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में दिनांक 24 एवं 25 जनवरी 2025 को सहभागिता करेंगी।

### आईबीडी कॉलोनी के रोड का होगा चौड़ीकरण : राज्यमंत्री श्रीमती गौर

**भोपाल, निप्र।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने आईबीडी कॉलोनी की सड़क के चौड़ीकारण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निवास कार्यालय पर हुई बैठक के दौरान कहा कि रायसेन रोड पटेल नगर इस्कॉन मंदिर से खजूरीकलां तक जाने वाली सड़क है। यह सड़क आईबीडी कॉलोनी को रायसेन रोड पटेल नगर से जोड़ती है। इस सड़क पर कॉलोनी की ढाई हजार से अधिक आबादी को आवागमन में समस्या हो रही है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने समस्या के निराकरण के लिए सड़क से अतिक्रमण को हटाकर सड़क चौड़ीकरण के आदेश दिए हैं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने एसडीएम को सड़क का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा। उन्होंने संबंधित सभी पक्षों और अधिकारियों के साथ मीटिंग में चर्चा कर रहवासियों की समस्याओं का निराकरण किया। उन्होंने कहा कि ओरिएंटल कॉलेज के द्वारा अपनी बसों को सड़क पर पार्क करने से आवागमन बाधित करना गंभीर बात है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि रायसेन रोड से प्रारंभ होकर आईबीडी कॉलोनी होते हुए खजूरीकलां को जोड़ने वाले रोड की चौड़ाई जितना संभव होगा बढ़ाई जाएगी। यह सड़क मास्टर प्लान की सड़क है। सड़क पर किसी को भी अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क पर कॉलेज के स्वीमिंग पूल का पानी सड़क पर आता है, इससे सड़क जल्दी उखड़ जाती है। इस समस्या को भी पाइप-लाइन डालकर दुरुस्त किया जाएगा। बैठक में एसडीएम श्री के.एल. खरे, सुनीता सिंह, नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौजूद रहे।

### मध्यप्रदेश मण्डप को मिलेगा अवॉर्ड




**भोपाल, निप्र।** नई दिल्ली में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2024 के आयोजन के 13वें दिन मेले में जहाँ एक ओर खरीददार देश एवं विदेश के उत्पादों की खरीदी कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मेले में प्रदेश के हस्तशिल्पी, कारीगर एवं एमएसएमई इकाइयाँ अपने उत्पादों का विक्रय कर रहे हैं। मण्डप में आगंतुक जीआई एवं ओडीओपी उत्पादों की जमकर खरीदी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 4 विकास मिशन, जो एक जनवरी, 2025 को प्रारंभ किये जाने हैं, मध्यप्रदेश मण्डप में प्रदर्शित किये गये हैं। मध्यप्रदेश मण्डप की थीम विकसित भारत-2047'' के आधार पर निर्मित की गयी है। इसमें प्रदेश के प्राचीन, सांस्कृतिक गौरव, पर्यटन के साथ तेजी से बढ़ते मध्यप्रदेश की झलक दिख रही है। दर्शक उत्साह से प्रत्येक उत्पाद के प्रदर्शन एवं प्रदेश के पर्यटन स्थलों की जानकारी ले रहे हैं। आगंतुक विभिन्न प्रदेशों के मण्डप, उसके डिजाइन की चर्चा भी कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2024 के अवार्ड के लिये भारत सरकार के मंत्रालय एवं राज्यों का चयन कर लिया गया है, जिसमें मध्यप्रदेश मण्डप को भी अवार्ड की श्रेणी में रखा गया है। अवार्ड की घोषणा और उसका वितरण 27 नवम्बर को होगा।

### भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में मप्र के जीआई एवं ओडीओपी उत्पादों की हो रही बिक्री

**भोपाल, निप्र।** नई दिल्ली में भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2024 के आयोजन के 13वें दिन मंगलवार को मेले में जहाँ एक ओर खरीददार देश एवं विदेश के उत्पादों की खरीदी कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मेले में प्रदेश के हस्तशिल्पी, कारीगर एवं एमएसएमई इकाइयाँ अपने उत्पादों का विक्रय कर रहे हैं। मण्डप में आगंतुक जीआई एवं ओडीओपी उत्पादों की जमकर खरीदी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के चार विकास मिशन, जो एक जनवरी, 2025 को प्रारंभ किये जाने हैं, मध्य प्रदेश मण्डप में प्रदर्शित किये गये हैं। जनसम्पर्क अधिकारी राजेश बैन ने बताया कि मध्य प्रदेश मण्डप की थीम 'विकसित भारत-2047' के आधार पर निर्मित की गयी है। इसमें प्रदेश के प्राचीन, सांस्कृतिक गौरव, पर्यटन के साथ तेजी से बढ़ते मध्य प्रदेश की झलक दिख रही है। दर्शक उत्साह से प्रत्येक उत्पाद के प्रदर्शन एवं प्रदेश के पर्यटन स्थलों की जानकारी ले रहे हैं। आगंतुक विभिन्न प्रदेशों के मण्डप, उसके डिजाइन की चर्चा भी कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2024 के अवार्ड के लिये भारत सरकार के मंत्रालय एवं राज्यों का चयन कर लिया गया है, जिसमें मध्य प्रदेश मण्डप को भी अवार्ड की श्रेणी में रखा गया है। अवार्ड की घोषणा और उसका वितरण 27 नवम्बर को होगा।

# मंत्री सिलावट ने किया विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

विनय उजाला






**भोपाल, निप्र। प्रदेश सहित सांवेर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। सड़कों का निर्माण, क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगा। सड़क निर्माण क्षेत्र के विकास की धुरी बनेगी।**

इसी तारतम्य में आज जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सांवेर विधान क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में करोड़ों रुपये लागत से निर्मित होने वाली सड़कों और अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इन विकास कार्यों की स्वीकृति पर मंत्री श्री सिलावट ने मुख्यमंत्री डा यादव एवं पीडब्ल्यूडी विभाग मंत्री श्री राकेश सिंह का क्षेत्र की जनता की ओर से धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। मंत्री श्री सिलावट ने आज अलग-अलग स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम लगभग 8 करोड़ रुपये लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इसमें लगभग 227.92 लाख रुपये लागत से निर्मित होने वाले खामोद खदान से खामोद आंजना गांव सडक निर्माण एवं 15 लाख रुपये लागत से निर्मित होने वाले घाट पहुंच मार्ग निर्माण का भूमिपूजन एवं 99 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले खामोद आंजना घाट का लोकार्पण किया। उन्होंने 279.22 लाख रुपये लागत से निर्मित होने वाले खलखला से चापडा मार्ग का भूमिपूजन किया। ग्राम भांग्या में 127.19 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले भांग्या पहुंच मार्ग का भूमिपूजन किया। ग्राम पंचायत खामोद आंजना में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसमें लगभग 5.50 लाख रुपये लागत से माता मंदिर परिसर से खामोद आंजना पेबर ब्लॉक निर्माण कार्य, खामोद आंजना में 11.22 लाख रुपये लागत से निर्मित होने वाली आंगनवाड़ी, 7 लाख रुपये से अ.जा. बस्ती से नगजीराम का घर तक खामोद आंजना सीसी रोड निर्माण, 8 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले हीरालाल जी के घर से हुकुम सिंह जी के घर तक सीसी रोड निर्माण, 6.60 लाख रुपये लागत से बनने वाले सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। मंत्री श्री सिलावट ने अलग-अलग स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश में विकास के नये आयामों के लिए विकास योजनाओं को मैदानी स्तर पर प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करने के लगातार प्रयास किये जा रहे है। विकास कार्यों का मैदानी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन क्षेत्र सहित प्रदेश की विकास की गति को सशक्त करेगा। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पात्रता धारियों को इन योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा आज आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से जिन भी सड़कों का निर्माण होगा। इससे क्षेत्र के रहवासियों को आवागमन के साथ-साथ मुख्य मार्गों से सीधी कनेक्टिविटी जुडेगी, जो क्षेत्रवासियों के लिए परिवहन, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा सहित रोजगार के अवसरों में मददगार सिद्ध होगी। उन्होंने कहा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य किये जा रहे है। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष सांवेर श्रीमती रामकन्या मानसिंह चौहान, उपाध्यक्ष श्री अनोखीलाल चौधरी सहित गणमान्य जन एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# दृष्टिकोण और लक्ष्यों को एकीकृत करने हुई विज़न एमपी@2047 कार्यशाला

## शिक्षा और कौशल विकास पर केन्द्रित रही चर्चा

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र।** शिक्षा और कौशल विकास पर केंद्रित एक उच्च स्तरीय कार्यशाला मंगलवार को भोपाल के वल्लभ भवन में विज़न एमपी@2047 पहल के तहत किया गया। उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव श्री अनुपम राजन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और विभिन्न हितधारकों ने मध्यप्रदेश में शिक्षा और कौशल विकास के ढांचे को सशक्त बनाने के लिए बदलावकारी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया।

महिला एवं बाल विकास के प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी, सचिव तकनीकी शिक्षा, श्री रघुराम राजेंद्रन, सचिव स्कूल शिक्षा, श्री संजय गोयल, आयुक्त उच्च शिक्षा श्री निशांत वरवड़े और आयुक्त आदिवासी विकास श्री श्रीमन शुक्ला सहित राज्य नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री ऋषि गर्ग, राज्य नीति आयोग और बीसीजी के अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षा और कौशल विकास के लिए विज़न एमपीञ्च2047 के तहत दृष्टिकोण और लक्ष्यों को एकीकृत करना है। चर्चा की थीम विभिन्न शैक्षणिक स्तरों पर सकल नामांकन अनुपात (ढ्ढश्वक्र) में मौजूदा महत्वपूर्ण अंतर को पाटने और जनजातीय एवं ग्रामीण आबादी थी। प्रतिभागियों ने स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों में कौशल-आधारित शिक्षा को एकीकृत करने और मिशन अंकुर और सीएम राइज़ स्कूल जैसी पहलों के माध्यम से बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता को बढ़ावा देने के लिए रणनीतियों पर भी चर्चा की। विज़न एमपी@2047 के तहत मध्य प्रदेश को नवाचार और समृद्धि के केंद्र में बदलने पर जोर दिया जाना है। इसका लक्ष्य स्कूलों में सर्वोच्च सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) हासिल करना, विश्वस्तरीय अनुसंधान और नवाचार सुविधाएं विकसित करना, और समाज के सभी वर्गों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित करना है। प्रदेश में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर शिक्षा की डिलीवरी को डिजिटाइज़ करने, और व्यक्तिगत एवं सुलभ शिक्षण अनुभव प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। विजन एमपी@2047 में विभागों को 2 दिसंबर 2024 तक अपनी प्राथमिकताएं और सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया है। अगली कार्यशाला में हस्तक्षेपों को प्राथमिकता देने और इन लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए कार्यान्वयन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# विश्व शिल्प परिषद की 60 वी जुबली सेलिब्रशन में मध्यप्रदेश के बाग प्रिंट शिल्पियों ने धूम मचाई

## जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बाग प्रिंट की प्रशंसा

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र।** 25 से 27 नवंबर तक श्रीनगर कश्मीर में आयोजित विश्व शिल्प परिषद की 60 वी जुबली सेलिब्रशन में मध्यप्रदेश के स्थानीय कलाकार मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। मध्यप्रदेश के धार जिले के छोटे से कस्बे बाग के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार विजेता श्री मोहम्मद बिलाल खत्री और काज़ीम खत्री से दुनिया के अलग-अलग देशो से आये शिल्पकारों ने बाग प्रिंट को सीखा, समझा और बारीकी से हर पहलुओं को जाना।

जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने बाग प्रिंट मास्टर शिल्पी बिलाल एवं काज़ीम के परिधानों को बहुत पसंद किया, बाग प्रिंट को ओर आगे ले जाने के लिए इन शिल्पियों की प्रशंसा कर मनोबल बढ़ाया। शिल्पी श्बिलाल ने उप राज्यपाल श्री मनोज सिंहा को बाग प्रिंट स्टॉल उड़ा कर सम्मान किया। यूरोप विश्व शिल्प परिषद के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर श्री आफ़ताब घरदा ने बाग प्रिंट की तारीफ़, जल्द ही बिलाल की वर्कशॉप बाग आकर बाग प्रिंट हस्तशिल्प कला की सम्पूर्ण प्रोसेस से होंगे रूबरू। विदेशी शिल्पकारों ने अपने हाथों से बाग ठप्पा छपाई भी की।

# ऊर्जा मंत्री तोमर ने किया साबरमती आश्रम अहमदाबाद का भ्रमण

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मंगलवार को अपने तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन अहमदाबाद में साबरमती आश्रम का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि यहाँ के शांतिपूर्ण और ऐतिहासिक वातावरण ने मन को गहराई तक छू लिया। यह स्थान महात्मा गांधी के सिद्धांतों और उनके संघर्षों की गवाही देता है। आश्रम की सादगी और सौंदर्य ने हर किसी को प्रेरित किया।



मंत्री श्री तोमर ने कहा कि साबरमती आश्रम भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का एक प्रमुख केंद्र रहा है और आज भी यह अहिंसा व सत्य के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य कर रहा है। इस दौरे से न केवल ऐतिहासिक जानकारी मिली, बल्कि एक अद्वितीय मानसिक शांति का अनुभव भी हुआ। उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि साबरमती आश्रम हमेशा से अतुलनीय ऊर्जा का जीवंत केंद्र रहा है और हम अपने आप में बापू की प्रेरणा को महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि साबरमती आश्रम देश की ही नहीं, बल्कि मानव जाति की ऐतिहासिक धरोहर है। यहां आकर मन को शांति मिलती है। उन्होंने साबरमती आश्रम आकर गांधी जी के जीवन और सिद्धांतों के सम्बन्ध में जानकारी हासिल की। इसके बाद आश्रम में मगन निवास, उपासना मंदिर, हृदयकुंज, विनोबा-मीरा कुटीर, नंदिनी, उद्योग मंदिर, सोमनाथ छात्रालय का भ्रमण किया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने आश्रम में विजिटर्स बुक में अपने विचार लिखे तथा बापू का चरखा भी चलाया। उन्होंने खादी से बना कुर्ता और कुछ महत्वपूर्ण किताबें खरीदते हुए कहा कि यह न केवल महात्मा गांधी जी के विचारों को नमन है।

# प्रदेश में दिव्यांग छात्रावास की स्थापना एवं संचालन

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के संभागीय मुख्यालयों पर दिव्यांग विद्यार्थियों के लिये 50 सीटर बालक और 50 सीटर बालिका दिव्यांग छात्रावास के निर्माण के लिये 3 करोड़ 46 लाख रुपये प्रति इकाई के मान से स्वीकृति प्रदान की गयी है।

छात्रावास का निर्माण संभागीय मुख्यालय पर स्थित ऐसे स्कूलों में किया जायेगा, जहाँ सह-शिक्षा उपलब्ध है। वर्तमान में ऐसे दिव्यांग विद्यार्थी, जो कक्षा-8वीं तक की शिक्षा राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा संचालित छात्रावास में रहकर करते हैं, उत्तीर्ण होने पर उनके लिये उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं में पढ़ाई के लिये राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा संचालित छात्रावास में व्यवस्था की गयी है। स्वीकृत छात्रावासों में से ग्वालियर, जबलपुर तथा शहडोल में निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। शेष स्थानों पर छात्रावास भवनों का निर्माण प्रगति पर है।

# आईटी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा है मध्यप्रदेश

## आईटी पार्क : तकनीकी विकास और रोजगार के नये केन्द्र

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश आईटी क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। राज्य सरकार ने आईटी क्षेत्र में विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिये प्रमुख शहरों- भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में आईटी पार्क की स्थापना की है। इन पार्कों में अत्याधनिक सुविधाओं और कंपनियों को प्रोत्साहन देकर रोजगार के नये अवसर पैदा किये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में 5 आईटी स्पेशल इकॉनॉमिक जोन स्थापित हैं और 15 से ज्यादा आईटी पार्क बनाये गये हैं। इससे 1.5 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं।



### आईटी पार्क, भोपाल

भोपाल के ग्राम बड़वई में 204 एकड़ भूमि पर आईटी पार्क स्थापित है जिसमें 78 कंपनियों को 109 भूखंड आवंटित किए गए हैं। इनमें से 12 इकाइयों ने उत्पादन शुरू कर दिया है और 48 कंपनियों ने निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है। अब तक लगभग 1200 रोजगार सृजित हुए हैं।

### आईटी पार्क, परदेशीपुरा (इंदौर)

इंदौर के परदेशीपुरा में 5 एकड़ भूमि पर निर्मित 2 भवनों में 16 कंपनियां कार्यरत हैं, जिससे 600 नागरिकों को रोजगार मिला है। यहां इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा 48 करोड़ रुपये की लागत से आईटी भवन का विस्तार किया गया, जिससे 2500 नागरिकों को रोजगार मिला है। इससे भविष्य में 1000 और रोजगार के अवसर बनने की संभावना है।

### आईटी पार्क, सिंहासा (इंदौर)

सिंहासा, इंदौर में 112 एकड़ भूमि पर विकसित आईटी पार्क में 32 कंपनियों को भूमि आवंटित की गई है। यहां 5 एकड़ भूखंड पर निर्मित 80 हजार वर्गफीट भवन से 2000 रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।

### आईटी पार्क, ग्वालियर

ग्वालियर के मालनपुर में 20.76 एकड़ भूमि पर विकसित आईटी पार्क में 73 हजार वर्गफीट भवन बनाया गया है, जिसमें 250 लोगों को रोजगार मिला है। साथ ही, 75 एकड़ भूमि पर एक नए आईटी पार्क के विकास का प्रस्ताव है।

### आईटी पार्क, जबलपुर

जबलपुर के ग्राम पुरवा में 63 एकड़ भूमि पर विकसित आईटी पार्क में 87 कंपनियों को 101 भूखंड आवंटित किए गए हैं। यहां 22 इकाइयों ने उत्पादन शुरू कर दिया है, जिससे लगभग 1700 नागरिकों को रोजगार मिला है। इन आईटी पार्कों के जरिए मध्यप्रदेश तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के साथ ही रोजगार सृजन और निवेश को प्रोत्साहन देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## यह लड़ाई हर व्यक्ति की, सबकी भागीदारी है जरूरी, हम होंगे कामयाब अभियान अंतर्गत राज्य स्तरीय महिला सुरक्षा संवाद में हुए शामिल

# महिला सशक्तीकरण और नशामुक्त समाज, विकास को सार्थक करने के लिए जरूरी : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

विनय उजाला





**भोपाल, निप्र। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमंते तत्र देवता के आदर्श को साकार करने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। लाड़ली लक्ष्मी योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, और वन स्टॉप सेंटर जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह एक पवित्र मिशन है।**

केवल शासकीय प्रयास ही पर्याप्त नहीं हैं, इसे एक जन आंदोलन बनाना होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल कुशाभाऊ इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में हम होंगे कामयाब अभियान अंतर्गत राज्य स्तरीय महिला सुरक्षा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गौरवशाली नेतृत्व में देश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के साथ आने वाली चुनौतियों के प्रति हमें सतर्क रहना होगा। विकास को सार्थक बनाने के लिए एकजुट होकर महिलाओं को सशक्त और समाज को सुरक्षित बनाना ज़रूरी है। समाज को नशा मुक्त बनाकर युवाओं की ऊर्जा को सही राह में लगाकर देश को विश्वगुरु बनाना है तो हम सबको मिलकर इस मिशन को सफल बनाना होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तीकरण आवश्यक है। यह हमारी गौरवशाली परंपरा रही है, विकृतियों को दूर करने के लिए सभी को प्रयास करने होंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने डॉ. रामधारी सिंह दिनकर की प्रसिद्ध कविता का उल्लेख करते हुए कहा कि समर शेष है, नहीं पाप का भागी केवल व्याध, जो तटस्थ हैं, समय लिखेगा उनके भी अपराध। उन्होंने कहा कि नारी सशक्तिकरण और सामाजिक परिवर्तन के इस संग्राम में किसी को भी तटस्थ रहने का अधिकार नहीं है। यह लड़ाई हर व्यक्ति की है, और इसमें सबकी भागीदारी जरूरी है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नशे के दुष्प्रभावों को रेखांकित करते हुए कहा कि जेंडर आधारित हिंसा का एक बड़ा कारण नशा भी है। नशे के कारोबार में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। नशा मुक्ति केंद्रों के माध्यम से समाज को इस बुराई से मुक्त करने के प्रयास तेज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रयास समाज में जेंडर समानता और महिलाओं के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कार्यक्रम सह आयोजक स्काई सोशल के प्रयास की सराहना की।



### 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक हम होंगे कामयाब अभियान में प्रदेशवासियों को किया जाएगा जागरूक

उल्लेखनीय है कि हम होंगे कामयाब पखवाड़ा 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा पर केंद्रित है, बल्कि पुरुषों की मानसिकता में बदलाव लाकर एक नए समाज की नींव रखना भी है। पखवाड़े के दौरान विभिन्न जिलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विभिन्न विभागों के समन्वय से गतिविधियां निर्धारित की गई हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विनय मिश्रा द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स, एलयूएन शेड नं.21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल से मुद्रित एवं बी-104, शास्त्री नगर, जवाहर चौक, भोपाल से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा
स्थानीय संपादक- मनोहर राजपूत, मो. 9425910888, 9826022450 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2013/52154.